संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 09 अक्टूबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 270 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



यूपी के सीएम योगी सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सिंधी अधिवेशन में शामिल हुए।

## इजरायल: भारतीयों की होगी वापसी

= पीएम मोदी खुद स्थिति की कर रहे निगरानी, हमास आतंकियों के खिलाफ इजरायल की लड़ाई जारी

**घर वापसी**

8 इजरायल में 18 हजार भारतीय नागरिक रहते हैं, इसमें ज्यादातर छात्र हैं, पीएम मोदी ले रहे हालात का जायजा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इजरायल** ने हमास के आतंकियों के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया है। हमास आतंकियों ने शनिवार तड़के इजरायल पर भारी संख्या में रॉकेट से हमला किया। इजारल की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की गई। इस समय कई भारतीय नागरिक इजरायल में मौजूद हैं। जानकारी के मुताबिक, इजरायल में 18 हजार भारतीय नागरिक रहते हैं, इसमें ज्यादातर छात्र हैं।
**पीएम कार्यालय सीधे स्थिति की निगरानी कर रहा:** भारत सरकार लगातार मौजूदा स्थिति पर नजर बनाए हुए है। इजरायल पर हमास आतंकवादियों के हमले पर विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा,"मुझे कल रात कई मैसेज मिले और पूरी रात हम काम कर रहे थे। मुझे यह भी पता है कि प्रधानमंत्री कार्यालय सीधे स्थिति की निगरानी कर रहा है। हम लगातार काम पर जुटे हैं।" उन्होंने आगे कहा,"पहले भी आंध्र प्रदेश के लोगों सहित कई छात्र फंस गए थे। इसलिए चाहे वह ऑपरेशन गंगा हो या वंदे भारत, हम सभी को वापस लाए और मुझे यकीन है कि भारत सरकार और प्रधानमंत्री कार्यालय सीधे उन लोगों के संपर्क में हैं। पीएम स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।"

### भारतीयों को दूतावास से संपर्क करने की सलाह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** राज्य विदेश मंत्री वी मुरलीधरन ने इस्राइल में फंसे भारतीयों से सुरक्षित रहने का आग्रह किया है। साथ ही उन्होंने लोगों से किसी भी चीज की जरूरत होने पर भारतीय दूतावास से सीधे संपर्क करने की सलाह भी दी।
मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि भारतीय दूतावास ने पहले ही वहां फंसे लोगों के लिए एडवायजरी जारी कर दी है। उन्होंने कहा, 'इस्राइल में फंसे भारतीय किसी भी समय भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। दूतावास वहां फंसे भारतीयों को हर तरह की सहायता प्रदान करेगा।' इस्राइल-हमास के बीच चल रहे इस हमले पर भारत के रुख के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री ने यह बात साफ कर दी है।'

### गाजा में 400 से अधिक आतंकियों की मौत

**आतंकवादी** हमले में 300 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। हमास के आतंकवादी कई घिरे हुए शहरों पर हमला कर रहे थे और गाजा के अंदर 400 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं, जबकि दर्जनों को बंदी बना लिया गया है। वहीं, गाजा में अब तक कम से कम 313 लोग मारे गए हैं। इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इस हमले को युद्ध बताया है। उन्होंने कहा कि हमास आतंकियों ने इजरायल पर हमला किया है। हम युद्ध के लिए तैयार हैं और उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

**भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी:** बता दें कि भारतीय दूतावास ने अपने सभी नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। हालांकि, वे भारतीय दूतावास के साथ लगातार संपर्क में हैं, लेकिन स्थिति बहुत तनावपूर्ण होने के कारण वे बेहद घबराए हुए और डरे हुए महसूस कर रहे हैं। इजरायल में फंसे एक भारतीय छात्र गोकुल बताया, 'मैं बहुत घबराया हुआ और डरा हुआ हूं।

## वर्ल्ड कप: भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया



**जीत से आगाज**

8 ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया
8 विराट शतक से चुके
8 केएल राहुल ने बनाए नाबाद 97 रन

**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**
**टीम इंडिया** ने आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 का आगाज धमाकेदार जीत के साथ किया है। भारतीय टीम ने चेपॉक में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया। कंगारू टीम से मिले 200 रन के लक्ष्य को टीम इंडिया ने 41.2 ओवर में हासिल किया। केएल राहुल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 97 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, विराट कोहली ने 85 रन का योगदान दिया। भारतीय टीम ने चेपॉक में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया। कंगारू टीम से मिले 200 रन के लक्ष्य को टीम इंडिया ने 41.2 ओवर में हासिल किया। केएल राहुल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 97 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, विराट कोहली ने 85 रन का योगदान दिया। इससे पहले चेन्नई के एमए चिंदबरम क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय स्पिनर्स ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम को 199 रन पर ऑलआउट किया। रविंद्र जडेजा ने तीन और कुलदीप यादव ने दो बड़े विकेट अपने नाम किए। राहुल ने नाबाद 97 और कोहली ने 85 रन की पारी खेली। इन दोनों के अलावा सिर्फ हार्दिक पांड्या ही अपना खाता खोल पाए। उन्होंने 11 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश हेजलवुड ने तीन और मिचेल स्टार्क ने एक विकेट लिया। बल्ले के साथ ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा 46 रन स्टीव स्मिथ ने बनाए। वॉर्नर ने भी 41 रन की पारी खेली। अंत में स्टार्क ने 28 रन का योगदान दिया। भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने तीन विकेट लिए। कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह को दो-दो विकेट मिले। सिराज, हार्दिक और अश्विन ने एक-एक विकेट लिया।

### विराट शतक से चूके

**विराट** कोहली 116 गेंद में 85 रन बनाकर आउट हो चुके हैं। जोश हेजलवुड ने उन्हें मार्नस लाबुशेन के हाथों कैच कराया। कोहली ने अपनी पारी में छह चौके लगाए और राहुल के साथ 165 रन की साझेदारी की। हालांकि, वह मैच नहीं खत्म कर सके और अपने शतक से भी चूक गए, लेकिन वह टीम इंडिया को जीत की दहलीज पर पहुंचाकर आउट हुए। वहीं विराट कोहली और लोकेश राहुल के बीच शतकीय साझेदारी हो चुकी है। दोनों ने 146 गेंद में 100 रन जोड़े हैं और मैच में टीम इंडिया की वापसी कराई।

**फास्ट न्यूज**

### भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए पर बातचीत का अगला दौर आज से

नई दिल्ली: भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पर बातचीत का अगला दौर सोमवार से शुरू होगा। ब्रिटेन का 30 सदस्यीय एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल भारत के साथ शेष मुद्दों पर वार्ता शुरू करेगा। दोनों देशों ने हाल ही में 13वें दौर की बातचीत संपन्न की है। अधिकारी सूत्रों ने रविवार को दी जानकारी में कहा कि ब्रिटेन का 30 सदस्यीय आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल एफटीए के शेष मुद्दों पर सोमवार से भारतीय दल के साथ इसके अगले दौर की बातचीत शुरू करेगा। दोनों देश एक अंतरिम मुक्त व्यापार क्षेत्र पर विचार कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश वस्तुओं पर टैरिफ कम हो जाएगा। उल्लेखीनय है कि भारत और ब्रिटेन ने 2022 में औपचारिक मुक्त व्यापार समझौता वार्ता शुरू की थी। दोनों देशों के बीच निवेश पर एक अलग समझौते (द्विपक्षीय निवेश संधि) के तहत बातचीत की जा रही है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल के नेतृत्व में एक दल वार्ता को गति देने के लिए पिछले हफ्ते लंदन गया था।

### किसान आंदोलन को बदनाम कर रही है सरकार: संयुक्त किसान मोर्चा

**नई दिल्ली।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने कहा कि मोदी सरकार किसान आंदोलन को नये सिरे बदनाम करने की कोशिश कर रही है, जिसका किसान संगठन विरोध करते हैं। एसकेएम ने रविवार को एक बयान जारी कर कहा कि 'हम एफआईआर में स्पष्ट रूप से झूठे और द्वेषपूर्ण आरोपों को खारिज करता है कि, 'किसान आंदोलन अवैध विदेशी फंडिंग के माध्यम से देश में जीवन के लिए आवश्यक आपूर्ति और सेवाओं को बाधित करने, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और नष्ट करने, भारतीय अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने और आंतरिक कानून और व्यवस्था की समस्याएं पैदा करने के लिए था।'

## भारत-चीन को एक-दूसरे पर भरोसा करने की जरूरत: तवांग मठ

**टीम एक्शन इंडिया/तवांग**
**भारत-चीन के** बीच बढ़ते तनाव को रोकने के लिए तवांग मठ ने सलाह दी। मठाधीश ने कहा कि भारत और चीन को एक-दूसरे पर भरोसा रखने और बातचीत के जरिए मुद्दों को सुलझाने के लिए आगे बढ़ने की जरूरत है। दशकों पहले तिब्बत से भारत आए मठाधीश शेडलिंग तुलकू थुप्टेन तेंदर रिंपोछे ने दावा किया कि तिब्बत में कोई धार्मिक स्वतंत्रता नहीं है। उन्होंने कहा कि वह घर वापस तभी जाएंगे जब इन मुद्दों का समाधान हो जाएगा। मठाधीश ने कहा कि भारत और चीन की सरकारों को एक दूसरे पर भरोसा रखना होगा। उसके बाद उन्हें स्थिति के पीछे की सच्चाई जानते की जरूरत है कि



आखिर वास्तविकता क्या है। उन्होंने कहा कि हमें उनके दावों पर भी ध्यान देने की जरूरत है कि आखिर सच्चाई क्या है। दोनों देशों के बीच मुद्दों के समाधान के लिए चर्चा को एकमात्र विकल्प बताया। उन्होंने कहा, 'हम तिब्बत, चीन या भारत में रहने वाले लोगों की समस्याओं को युद्ध से हल नहीं कर सकते। हम शांतिपूर्ण तरीके से चर्चा करके ही समाधान कर सकते हैं।

## अगर तीसरी बार सत्ता में आई भाजपा, तो खतरे में पड़ जाएगा देश: विजयन

**टीम एक्शन इंडिया/तिरुवनंतपुरम**
**केरल** के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर भाजपा तीसरी बार सत्ता में आती है तो देश एक ऐसे खतरे में पड़ जाएगा, जिससे पार नहीं पाया जा सकेगा और उसके बाद पछताने के अलावा कुछ नहीं बचेगा। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के साथ-साथ आरएसएस और संघ परिवार पर हमला करते हुए विजयन ने उन पर देश में विविधता को नष्ट करने और धर्म के आधार पर राष्ट्र बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि देश में गायों के आधार पर सांप्रदायिक झड़पें हो रही हैं,



जिस तरह का भोजन खाया जाना चाहिए और नागरिकों के एक समूह को राष्ट्र के दुश्मन के रूप में चित्रित किया जा रहा है। उन्होंने दलील दी कि हर कोई, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति या पंथ का हो, कानून के समान संरक्षण का हकदार है, लेकिन देश में इसे बदला जा रहा है। मुख्यमंत्री ने उत्तरी केरल के इस जिले में एक कार्यक्रम में कहा कि इन सबने अल्पसंख्यक समुदायों के बीच भय और आशंका पैदा कर दी है। उन्होंने कहा, 'अगर भाजपा तीसरी बार सत्ता में आती है तो देश को ऐसे खतरे का सामना करना पड़ेगा जिससे पार नहीं पाया जा सकेगा और उसके बाद खेद जताने का कोई मतलब नहीं रह जाएगा।'

**आरोप**

8 देश में गायों के आधार पर सांप्रदायिक झड़पें हो रही हैं, जिस तरह का भोजन खाया जाना चाहिए

## मनरेगा से वंचित लोगों से मुलाकात करेंगे बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद

**बात सुनेंगे**

8 मैं मनरेगा वंचितों से बात करूंगा और सीधे उनकी शिकायतें सुनूंगा: राज्यपाल आनंद बोस



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**पश्चिम बंगाल** के राज्यपाल सीवी आनंद मनरेगा के काम से वंचित लोगों से मिलेंगे। राज्यपाल आनंद बोस ने कलिम्पोंग में पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं वंचितों से बात करूंगा और सीधे उनकी शिकायतें सुनूंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं न केवल केंद्र सरकार बल्कि हर उस संबंधित पक्षों से बात करूंगा, जो मनरेगा से जुड़े हैं।
**दार्जिलिंग दौरे पर राज्यपाल सीवी आनंद बोस:** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल उत्तर बंगाल में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के दौरे पर हैं। सूत्रों के मुताबिक राज्यपाल ने मुख्य सचिव एचके द्विवेदी को पत्र लिखा, जिसमें उनसे पूछा गया कि क्या राजभवन के बाहर टीएमसी के धरना प्रदर्शन की अनुमति दी गई थी। बता दें दार्जिलिंग के दौरे पर गए राज्यपाल ने वहां तीन सदस्यीय टीएमसी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की थी।
इस दौरान राज्यपाल ने मनरेगा बकाए का मामला केंद्र के सामने उठाने का आश्वासन दिया। सूत्रों की माने तो राज्यपाल के रविवार शाम तक कोलकाता लौटने की संभावना है।

## इस्राइली दूत ने ईरान पर लगाया हमास को समर्थन देने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इस्राइली** राजदूत नाओर गिलॉन ने कहा कि ईरान इस्राइल पर हमास के हमले का समर्थन कर रहा है और विद्रोही गुट को गोला बारूद की आपूर्ति कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन कार्रवाइयों में शामिल आतंकवादियों को गंभीर परिणामों का सामना करना पड़ेगा। गिलॉन ने कहा कि इस्राइल अपनी शर्तों पर अपनी गति से और जिस तरह से उचित समझेगा, जवाब देगा। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा, यह साफ है कि ईरान इसमें शामिल है। हम हथियारों के प्रशिक्षण और आपूर्ति की बात लेकर निश्चित हैं। उन्होंने कहा, मैं इस हमले को आयोजित या व्यवस्थित करने में मदद की बात से इनकार नहीं कर सकता। अब



यह कोशिश की जा रही है कि इस्राइल का ध्यान खींचने के लिए उत्तरी सीमा को गर्म किया जाए। गिलॉन ने कहा कि यह ऐसा इलाका है जहां भारतीय वदीर्धारी सैनिक मौजूद हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस्राइल इस संभावना से इनकार नहीं करेगा कि ईरान हमले में आतंकवादी समूह की सहायता कर सकता है।उन्होंने कहा, 'आतंकवादी बहुत बड़ी कीमत चुकाने जा रहे हैं।

## मणिपुर: राज्यमंत्री खेमचंद युमनम के आवास पर ग्रेनेड हमला

**हिंसा जारी**

8 राज्य मंत्री खेमचंद युमनम के आवास के पास हैंड ग्रेनेड विस्फोट में एक सीआरपीएफ जवान समेत दो लोग घायल

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**मणिपुर** के पश्चिमी इंफाल जिले में राज्य मंत्री खेमचंद युमनम के आवास के पास हैंड ग्रेनेड विस्फोट में एक सीआरपीएफ जवान समेत दो लोग घायल हो गए। यह घटना शनिवार को युमनम लेकई में रात के कराब 10 बजे की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दो मोटरसाइकिल सवार ने ग्रेनेड फेंका, जो कि मंत्री के आवास के



मुख्य द्वार के कुछ ही मीटर दूर गिरा। घायल हुए सीआरपीएफ जवान की पहचान पश्चिम बंगाल के निवासी दिनेश चंद्र दास के तौर पर हुई है। उनके हाथ पर चोट आई है। वहीं दूसरी घायल व्यक्ति एक महिला थी, उसके दाएं पंजे में चोट लगी थी। युमनाम ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री हैं। इस घटना के बाद राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने इस हमले की निंदा भी की। मणिपुर सरकार ने मंजूरी लिए बिना जिलों और संस्थानों के नाम बदलने के खिलाफ एक अधिसूचना जारी की है। इस अधिसूचना में कहा गया है कि इस तरह का कदम समुदायों के बीच संघर्ष की स्थिति पैदा कर सकता है।

**युद्ध और शांति**

पांच विशेषज्ञों का बैच सीमा बैठकों के दौरान भारत और चीन पक्षों के बीच दुभाषिए के रूप में भी भूमिका निभाएगा

## चीन से निपटने को भारत अपनी सेना को सिखाएगा मंदारिन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**युद्ध** और शांति के समय देश की सेवा करने वाली भारत की टेरिटोरियल आर्मी (टीए) इस साल अपना 75वां स्थापना दिवस मना रही है। इस दौरान उसने मंदारिन भाषा विशेषज्ञों की भर्ती की है। दरअसल, पूर्वी लद्दाख में पड़ोसी मुल्क चीन के साथ टकराव को देखते हुए सेना ने अपने जवानों को चीनी भाषा मंदारिन सिखाने की तैयारी कर ली है। इसके तहत सेना ने टेरिटोरियल आर्मी में मंदारिन भाषा विशेषज्ञों की भर्ती की है। इसका मकसद 3400 किमी लंबे वास्तविक नियंत्रण रेखा



(एलएसी) पर तैनात कनिष्ठ और वरिष्ठ अधिकारियों को मंदारिन भाषा में प्रवीण बनाना है ताकि वे जरूरत पड़ने पर चीनी सैनिकों का सामना होने पर उनकी भाषा समझ सकें और उन्हें उन्हीं की भाषा में जवाब में दे सकें। सूत्रों के अनुसार, पांच विशेषज्ञों का बैच सीमा बैठकों के दौरान भारत और चीन पक्षों के बीच दुभाषिए के रूप में भी भूमिका निभाएगा। इसके अलावा, प्रादेशिक सेना ने साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की भर्ती पर भी ध्यान दे रहा है। एक सूत्र का कहना है कि टीए की स्थापना नौ अक्टूबर 1949 को हुई थी। अब उसने 75 वर्ष में प्रवेश कर लिया है। इन दशकों में इन लोगों ने जी-जान से देश की सेवा की है। वह लगातार अपने आपको मजबूत करने के लिए कदम उठा रही है। इसी क्रम में, इस साल पांच चीनी (मंदारिन) भाषा विशेषज्ञों की भर्ती की गई है। सूत्र ने बताया कि इन विशेषज्ञों को नियुक्त करने की प्रक्रिया जनवरी में शुरू हुई थी और कुछ महीने पहले ही यह पूरी हुई है। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञ बनने की प्रक्रिया आसान नहीं थी। मंदारिन भाषा में विशेषज्ञता रखने वाले विभिन्न उम्मीदवारों को लिखित और मौखिक परीक्षा देनी थी। जिन लोगों को चुना गया है उनकी औसत आयु 30 साल है। एक अन्य अधिकारी का कहना है कि यह विशेषज्ञ सीमा कार्मिक बैठकों के दौरान भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच दुभाषिए के रूप में भूमिका निभाएंगे। इन्हें बीपीएम के अलावा अन्य नौकरियों में भी तैनात किया जा सकता है। दरअसल, सशस्त्र बलों ने पिछले तीन सालों के दौरान पूर्वी लद्दाख में सैन्य टकराव के चलते एलएसी पर निगरानी व्यवस्था और जवानों की तैनाती काफी मजबूत की है। पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग झील इलाके में 5 मई 2020 को भारतीय जवानों और चीनी सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई थी।

**भाषा पर जोर**

8 चीन के साथ टकराव को देखते हुए सेना ने अपने जवानों को चीनी भाषा मंदारिन सिखाने की तैयारी

## रिपोर्ट: भारत में मौसमी आपदाओं से 67 लाख बच्चे हुए बेघर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** में जलवायु से जुड़ी बाढ़, सूखा और तूफान जैसी आपदाओं के कारण प्रति दिन औसतन 3,059 बच्चों को विस्थापन की पीड़ा सहनी पड़ती है। यूनिसेफ के अनुसार, देश में 2016 से 2021 के बीच 67 लाख बच्चों को अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित जगहों पर शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।
संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की नई रिपोर्ट 'चिल्ड्रन डिस्प्लेस्ड इन ए चेंजिंग क्लाइमेट' के मुताबिक, फिलीपीन (97 लाख बच्चे) के बाद भारत दूसरा ऐसा देश है जहां इन छह वर्षों में सबसे ज्यादा बच्चे विस्थापित हुए हैं। वहीं, चीन में 64 लाख बच्चे विस्थापित हुए। इस दौरान इन तीन देशों के कुल 2.3 करोड़ बच्चों को विस्थापन की पीड़ा सहनी पड़ी। रिपोर्ट में 2020 में आए चक्रवाती तूफान अम्फान का भी जिक्र किया है, जिसमें बांग्लादेश, भूटान, भारत और म्यांमार में करीब 50 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा था, जिनमें बच्चों की संख्या ज्यादा थी। वैश्विक स्तर पर देखा जाए तो दुनिया में रोजाना औसतन 20 हजार बच्चे विस्थापित हो रहे हैं।

# सीएम ने किया सी एंड डी संयंत्र का उद्घाटन

## मुख्यमंत्री केजरीवाल ने किया देश का सबसे बड़ा कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट रिसाइक्लिंग प्लांट का उद्घाटन

**संयंत्र**

**8 हमारा मकसद दिल्ली को खूबसूरत बनाना है और इसके लिए सी एंड डी प्लांट बेहद जरूरी हैं**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली को मलबा मुक्त कर खूबसूरत बनाने की दिशा में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने बड़ा कदम उठाया है। रविवार को निर्माण व विध्वंस से निकलने वाले मलबे को रिसाइकल कर टाइल्स, ईंट समेत अन्य उत्पाद बनाकर दोबारा इस्तेमाल करने के लिए सी एंड डी वेस्ट रिसाइक्लिंग प्लांट की शुरूआत की गई। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस प्लांट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि कंस्ट्रक्शन एवं डिमोलिशन से निकले मलबे को इस प्लांट में लाकर टाइल्स, ईंट समेत अन्य उत्पाद बनाए जाएंगे, जिसका दोबारा इस्तेमाल किया जा सकेगा। करीब 7 एकड़ में फैला यह प्लांट देश का सबसे बड़ा प्लांट है, जहां प्रतिदिन दो हजार टन सी एंड डी वेस्ट की रिसाइक्लिंग की जा सकेगी। इस तरह दिल्ली को मलबे से भी छुटकारा मिल जाएगा। मेरी अपील है कि दिल्ली को साफ-सुथरा बनाने के लिए सभी दिल्लीवासी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इससे पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एमसीडी की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय, विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक, नेता सदन मुकेश गोयल और अफसरों के साथ सी एंड डी वेस्ट रिसाइक्लिंग प्लांट का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि यह प्लांट बहुत ही आधुनिक तकनीक पर आधारित है। दिल्ली भर से यहां मलबा लाया जाएगा, जिसे तोड़ा जाएगा और फिर रिसाइकिल कर टाइल्स, ईंट आदि का आकार देकर दोबारा इस्तेमाल किया जाएगा। जो मलबा दिल्ली को बदसूरत बनाता है, अब वही मलबा इस प्लांट से नए-नए आकार लेकर दिल्ली को खूबसूरत बनाएगा। इस दौरान सीएम ने प्लांट से बने टाइल्स, रोडी-बदरपुर, ईंट को भी देखा।

केजरीवाल ने आगे कहा कि दिल्ली में अभी करीब 6500 टन मलबा प्रतिदिन निकलता है। इस तरह का दिल्ली में यह चौथा प्लांट है। इस प्लांट के अलावा रानीखेड़ा, शास्त्री पार्क और बक्करवाला में है। इन चारों प्लांट में करीब 5000 टन मलबे को प्रतिदिन रिसाइकिल करने की क्षमता है। जबकि दिल्ली में कुल 6500 टन मलबा रोज निकलता है इसके अलावा एक और प्लांट ओखला में बनाने का प्लांट है, जिसकी क्षमता एक हजार टन होगा। इसके अलावा मौजूद चारों प्लांट्स की थोडी क्षमता बढाई जाएगी। इसके बाद दिल्ली में निकलने वाले सारे मलबे की सी एंड वेस्ट रिसाइक्लिंब प्लांट में रिसाइक्लिंग हो जाएगी और उसका वापस इस्तेमाल होगा। इस तरह दिल्ली को मलबे से छुटकारा मिल जाएगा। दिल्ली में जितना मलबा निकलेगा, उसका प्लांट में रिसाइकिल होता जाएगा।

### जहांगीरपुरी में स्थापित यह प्लांट यूरोपियन टेक्नोलॉजी पर आधारित

**जहांगीरपुरी** में स्थापित यह प्लांट यूरोपियन टेक्नोलॉजी पर आधारित है, जो सबसे आधुनिक टेक्नोलॉजी है। साथ ही यह प्लांट देश का सबसे बड़ा प्लांट है। इस प्लांट से बिल्कुल आवाज नहीं आती है। प्लांट के बिल्कुल पास आने पर भी इसकी आवाज नहीं सुनाई देती है। साथ ही धूल-मिट्टी भी नहीं उड़ती है।

**दिल्ली को कूड़ा मुक्त के साथ मलबा मुक्त भी बनाया जा रहा- डॉ. शैली ओबरॉय**
दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि पूरी दिल्ली में सी एंड डी वेस्ट डालने के लिए स्थान चिन्हित किए गए हैं, जहां पर लोग मलबा डाल सकते हैं। इससे दिल्ली में अभी तक जो जगह-जगह मलबे के ढ़ेर दिखते हैं, वह नहीं दिखेंगे। साथ ही चिन्हित स्थानों पर मलबा डालने से प्रदूषण भी नहीं फैलेगा। उन्होंने कहा कि बुराड़ी में अत्याधुनिक तकनीक से युक्त सीएंडडी प्लांट बनाया गया है। वर्तमान में यह देश का सबसे बड़ा प्लांट है, जहां पर प्रतिदिन 2 हजार टन प्रतिदिन सीएंडडी वेस्ट का निस्तारण हो सकेगा। दिल्ली में जल्द एक और प्लांट स्थापित किया जाएगा।

# लाल किला में आज से इंडिया आर्ट, आर्किटेक्चर एंड डिजाइन बीनाले प्रदर्शनी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के लाल किला** में संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में नौ से 15 दिसंबर तक इंडिया आर्ट, आर्किटेक्चर एंड डिजाइन प्रदर्शनी बीनाले-2023 आयोजित की जाएगी। यह प्रदर्शनी हर दिन अलग अलग थीम पर आधारित होगी। इसमें ऐतिहासिक अलंकृत दरवाजों, प्राचीन भव्य मंदिरों, ऐतिहासिक बावड़ी, समृद्ध वस्त्र डिजाइन, भारत की वास्तुकला में महिलाओं की भूमिका, आजाद भारत की आधुनिक कला, और कलात्मक बगीचे की वास्तुकला को शामिल किया गया है। लाल किला के इस आयोजन को पांच राज्यों में भी ले जाएगा और यह हर दो साल में आयोजित होगा। पहले इंडिया आर्ट, आर्किटेक्चर एंड डिजाइन बीनाले (आईएडीबी) में सात "विशेष रूप से क्यूरेटेड" विषयगत प्रदर्शनियां शामिल होंगी जिसमें 400 से साल से अधिक पुराने वास्तुकला को करीब से देखने का मौका मिलेगा। शनिवार शाम राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय में आयोजित इंडिया आर्ट, आर्किटेक्चर एंड डिजाइन प्रदर्शनी के लोगो का अनावरण किया गया। इस मौके पर केन्द्रीय संस्कृति राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी से भारत की कला, वास्तुकला के क्षेत्र में समृद्ध और इतिहास के साथ देश दुनिया की कला की कला एवं परंपराओं को जानने समझने का मौका मिलेगा। इस बीनाले के माध्यम से वास्तुकला के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका के बारे में भी समझा जा सकेगा।

# जान है तो जहान है'...यूपी के कारोबारी को गैंगस्टर गोल्डी बराड़ ने दी धमकी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**यूपी के** एक व्यवसायी को कथित तौर पर एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से जबरन वसूली का कॉल आया। अधिकारियों ने बताया कि कॉल करने वाले ने खुद को गैंगस्टर गोल्डी बराड़ बताया है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने व्यवसायी के शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है। गैंगस्टर गोल्डी बराड़ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और देश के विभिन्न राज्यों द्वारा फरार अपराधी है।

वह पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में भी फरार है। एफआईआर के मुताबिक, शिकायतकर्ता को 10 सितंबर को



शाम 6 बजे व्हाट्सएप पर एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से पहली कॉल आई, जिसकी एक कॉपी पीटीआई के पास है। एफआईआर में कहा गया है कि फोन करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य बराड़ बताया। एक अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता ने पहले सोचा कि यह एक फर्जी कॉल है, लेकिन उसे 12 सितंबर को उसी नंबर से फिर से कॉल आई और कॉल करने वाले ने उसे फिर से धमकी दी। जो दूसरी कॉल की गई थी, उसमें पश्चिमी यूपी स्थित व्यवसायी को दो करोड़ रुपये देने के लिए कहा गया था। व्यवसायी को एक वॉयस मैसेज भी मिला, जिसमें व्यक्ति ने गोल्डी बरार होने का दावा किया था। वॉयस मैसेज में भेजने वाले ने खुद को बराड़ बताया और कहा कि 'जान है तो जहान है, वधिया काम करते रहो...मेरी वॉयस चेक करवा लो (जान है तो सब कुछ है।) अच्छा काम कर रहा हूं। अगर आप मेरी आवाज की जांच कराना चाहते हैं तो करा लीजिए।'

# आयोग का आदेश- साइन बोर्ड से लोगों को भ्रमित न करें डॉक्टर

**निर्देश**

**8 साइनबोर्ड पर अपने नाम, योग्यता, विशेषज्ञता और पंजीकरण संख्या के अलावा कुछ न लिखवाएं**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** आयुर्विज्ञान आयोग ने देश के चिकित्सकों के लिए यह नैतिक सिफारिशें 'प्रोफेशनल कंडक्ट रिव्यू' नाम से जारी एक ई-बुक में की हैं। सिफारिशों में यह भी कहा है कि साइनबोर्ड पर अपने नाम, योग्यता, विशेषज्ञता और पंजीकरण संख्या के अलावा कुछ न लिखवाएं। दवा के पर्चे पर भी केवल यही चीजें लिखें।

**सर्टिफिकेट कोर्स करके खुद को कंसल्टेंट न लिखें:** आयुर्विज्ञान आयोग ने एक डॉक्टर के अल्ट्रासाउंड तकनीक का 6 महीने का सर्टिफिकेट कोर्स करके खुद को कंसल्टेंट सोनोलॉजिस्ट बताने पर कड़े निर्देश दिए। आयोग ने कहा कि बिना योग्यता कोई भी डॉक्टर खुद को विशेषज्ञ कंसल्टेंट न लिखें। विशेषज्ञता के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन करनी होती है। संबंधित मामले में डॉक्टर बिना योग्यता व प्रशिक्षण के ही साल 2004 से विशेषज्ञ बना हुआ था।

**नहीं दे रहे जानकारियां:** 14 साल के एक बीमार बच्चे को इलाज के लिए पीएचसी, जिला अस्पताल और फिर आईसीयू व वेंटिलेटर पर रखने और उसकी मौत के मामले में आयोग ने डॉक्टरों के खिलाफ जांच की।

# 500 लोगों से करोड़ों की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आर्मी अधिकारी** बनकर ठगी करने वाले गिरोह का शाहदरा साइबर थाना पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने इस संबंध में दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान गांव नहेड़ा, नूंह, मेवात, हरियाणा निवासी इलियास और यूसुफ के रूप में हुई है। दोनों 500 से अधिक वारदातों में शामिल हैं। इन लोगों ने देशभर के लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की। समय के साथ-साथ यह ठगी के तरीके को बदलते रहते हैं। जस्ट डॉयल, सेक्सटॉर्शन, स्क्रीन शेयर करने के अलावा यह ठगी के तमाम पैतरे अजमाते हैं। पुलिस दोनों से पूछताछ कर मामले की



छानबीन कर रही है। इनके पास से वारदात में इस्तेमाल चार मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि चार अक्तूबर को साइबर थाना में ठगी का एक मामला दर्ज किया गया। शाहदरा निवासी आकाश पांचाल ने बताया कि उनका वॉटर टैंकर का काम है।

उन्होंने खुद को जस्ट डॉयल पर रजिस्टर किया हुआ है। पिछले दिनों उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक आर्मी अधिकारी ने मैसेज भेजा। उसने महिपालपुर आर्मी कैंप में टैंकर लगवाने की बात की। आरोपी ने पीड़ित से कहा कि टैंकर लगने के बाद उसकी एडवांस दी गई रकम और पानी के पैसे तुरंत दे दिए जाएंगे। पीड़ित आरोपी के झांसे में आ गया। उसने उनके कहने पर 3.26 लाख रुपये आरोपियों को ऑन लाइन ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उसने अपना टैंकर महिपालपुर स्थित आर्मी कैंप भेजा। वहां सेना के अधिकारियों ने टैंकर का कोई ऑर्डर होने की बात से इंकार किया।

# सैकड़ों आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए

**कमल पकड़ा**

**8 आप विधायक और पार्षद पार्टी के वॉलंटियरों को विकास के अवसरों से वंचित कर रहे हैं: वीरेन्द्र सचदेवा**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजेन्द्र नगर**, करोल बाग और नांगलोई विधानसभा क्षेत्रों के 500 से अधिक युवा और महिला वॉलंटियर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।
आज भाजपा में शामिल होने वालों में प्रमुख थे विजय टाइटलर और डॉ. चंद्रकांता जिन्होंने 2020 में राजेन्द्र नगर विधानसभा क्षेत्र से राघव चड्ढा और बाद में जून 2022 में राजेन्द्र नगर से उपचुनाव में दुर्गेश पाठक की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, महामंत्री श्री योगेन्द्र चांदोलिया, मंत्री नरेश ऐरन, मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, एमसीडी में एलओपी सरदार राजा इकबाल सिंह और कार्यालय मंत्री श्री बृजेश राय ने पार्टी के नए सदस्यों को पार्टी के रंग का पटका एवं माला पहनाई।

**आज आप छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले लोगों में**



**शामिल हैं :** विजय टाइटलर राजिंदर नगर विधानसभा के एक प्रमुख आप वॉलंटियर हैं जो कई सामाजिक धार्मिक संगठनों से जुड़े हुए हैं। डॉ. चंद्रकांता राजिंदर नगर से आप वालंटियर हैं और एनजीओ मिरर फाउंडेशन की संस्थापक हैं। श्रीमती. ज्योति बडिवाल ने देवनगर वार्ड से अअढ के चुनाव चिन्ह झाड़ू पर 2017 एमसीडी चुनाव लड़ा था। अमरजीत सिंह जिन्होंने बुधनगर से आप के टिकट पर 2022 एमसीडी चुनाव लड़ा।
विजय टाइटलर, ज्योति बाडिवाल और सुभारती रछौया ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास एजेंडे और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों से प्रभावित हैं और भाजपा के माध्यम से लोगों की सेवा करने का अवसर पाकर खुश हैं।
वीरेन्द्र सचदेवा ने भाजपा में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत किया और कहा कि यह सिर्फ एक शुरूआत है क्योंकि बड़ी संख्या में आप और कांग्रेस कार्यकर्ता हमारे साथ जुड़ने के लिए तैयार हैं। जब हम उन सभी लोगों से बात करते हैं जो बीजेपी में शामिल हो रहे हैं या शामिल होने के लिए तैयार हैं तो हमें पता चलता है कि आम आदमी पार्टी के अंदर ये लोग न सिर्फ ठगे गए हैं बल्कि खुद को झूठ के दलदल में फंसा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विजय टाइटलर और डॉ. चंद्रकांता का भाजपा मे आना आम आदमी पार्टी के लिए, पूर्व विधायक राघव चड्ढा और राजेंद्र नगर से मौजूदा विधायक दुर्गेश पाठक के लिए बड़ा झटका है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल का भ्रष्टाचार अब न सिर्फ दिल्ली की जनता बल्कि आप कार्यकर्ताओं को भी शर्मसार कर रहा है।

# दारुल उलूम की तर्ज पर बनेगा सनातन वैदिक ज्ञानपीठ

**सनातन....**

**8 जैसे मुसलमानों ने दारुल उलूम और मदरसे बनाए हैं, उसी तरह हम सनातन सिखाने वाला विश्वविद्यालय बनाएंगे**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**श्री** पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि ने कहा जैसे मुसलमानों ने दारुल उलूम और मदरसे बनाए हैं, उसी तरह हम सनातन सिखाने वाला विश्वविद्यालय बनाएंगे। ये कब बनेगा, कहां बनेगा ... ये सब चीजें बाद में तय की जाएंगी। अभी सिर्फ इसकी घोषणा हुई है। यह बातें गोविंदपुरम स्थित प्रीतम फार्म हाउस में चल रहे दो दिवसीय सनातन कॉन्क्लेव में कही। कार्यक्रम में यति नरसिंहानंद ने कहा कि इसके निर्माण पर मोटा बजट खर्च होगा। इसलिए संस्था के लिए दान देने की शुरूआत मैं खुद से कर रहा हूं। मेरे शुक्रताल और हरिद्वार में दो प्लॉट हैं। अगले एक सप्ताह में दोनों प्लॉट बेचकर विद्यापीठ निर्माण के लिए रुपए जमा कर दिए जाएंगे।
डासना देवी मंदिर की तरफ से डॉ. उदिता त्यागी ने सवा-सवा लाख रुपए के दो चेक श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़ा के संरक्षक को सौंपा। गाजियाबाद के ही अक्षित त्यागी ने 51 लाख रुपए चंदा देने की घोषणा की। इस तरह सभी सनातनियों के सहयोग से सनातन वैदिक ज्ञानपीठ का निर्माण होगा। इसके लिए भिक्षा यात्रा भी शुरू कर दी गई है।'

**हिंदुओं के अवगुणों पर प्रहार कर धर्म की नींव मजबूत करेंगे':** महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि ने कहा, 'सौ करोड़ से ज्यादा सनातन धर्मी, विश्व की प्राचीनतम सभ्यता और संस्कृति है, लेकिन हमारे पास एक भी ऐसी संस्था नहीं है, जो समग्र में सनातन धर्म पढ़ाती हो। इसी कारण आज हमारे युवा दिग्भ्रमित हैं और वस्तुतः अपने और अपने परिवार सहित धर्म शत्रु बन जाते हैं।'

# अस्पताल में सर्जरी के लिए मिल रही है छह महीने आगे की तारीख

**एलएनजेपी**

**8 छह महीने तक आगे सर्जरी की तिथि दी जा रही है। प्राइवेट अस्पताल जाकर अधिक खर्च पर आपरेशन करा रह हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार के लोक नायक अस्पताल में सर्जरी के लिए पहुंच रहे मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्हें छह महीने तक आगे सर्जरी की तिथि दी जा रही है। इससे मरीज परेशान हैं और प्राइवेट अस्पताल जाकर अधिक खर्च पर आपरेशन कराने को मजबूर हो रहे हैं। लोक नायक अस्पताल में पिछले दिनों पित्ताशय की थैली में पथरी की शिकायत लेकर पहुंची एक मरीज को छह महीने आगे की सर्जरी की तिथि दे दी गई है। महिला मरीज की हालत खराब है। उन्हें उपचार के लिए छह महीने इंतजार करने की सलाह दे दी गई है, जबकि उनका दर्द असहनीय हो गया है। महिला मरीज रिंकी को पथरी की शिकायत होने पर स्वजन लोक नायक अस्पताल में लेकर आए थे। जांच के बाद अस्पताल के चिकित्सकों ने उन्हें आपरेशन कराने की सलाह दी, लेकिन उन्हें आपरेशन के लिए तीन मार्च 2024 की तिथि दे दी गई। अब उनका बुरा हाल है। परिजन उपचार के लिए दूसरे अस्पतालों के चक्कर काट रहे हैं। उनके पति ने कहा कि उनके पास अब कोई विकल्प नहीं रह गया है। मजबूरन प्राइवेट अस्पताल में उन्हें उपचार के लिए जाना होगा। लोक नायक अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि छोटी सर्जरी तो एक से दो दिन में ही कर दी जाती है। बड़ी सर्जरी में समस्या हो सकती है, लेकिन बहुत लंबी अवधि उन्हें नहीं दी जाती। इस बारे में जानकारी लेने के लिए लोक नायक अस्पताल के निदेशक डा. सुरेश कुमार से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। एक बेड दो मरीज के उपचार की हुई थी शिकायत पिछले दिनों अस्पताल में एक बेड पर दो मरीजों का उपचार करने की शिकायत भी की गई थी।

# आरोपी ने शख्स पर किया चाकू से हमला, गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने एक रिक्शा चालक को चाकू मारकर भाग रहे आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित रिक्शा चालक प्रभु मूल रूप से बिहार के मोतिहारी जिले का रहने वाला है जो आनंद विहार बस अड्डे के पास फुटपाथ पर रहता है। घायल रिक्शा चालक अनिल सिंह गाजीपुर में रहता है। पुलिस ने आरोपित के पास से वारदात में प्रयुक्त नारियल काटने वाला चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस प्राथमिकी पंजीकृत करके मामले की जांच कर रही है। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अमृता गुगुलोथ ने बताया कि आरोपित रिक्शा चालक अनिल के रिक्शे को अक्सर धक्का मारकर भाग जाता था। शुक्रवार शाम अनिल रिक्शे पर गाजीपुर मंडी से माल लेकर टेल्को फ्लाइओवर के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान आरोपित ने एक बार फिर उसके रिक्शा को धक्का मार दिया, जिससे वह परेशान होने लगा। उसने विरोध किया तो आरोपित ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद वह मौके से भागने लगा और तभी पेट्रोलिंग कर रहे पुलिसकर्मियों ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# इलाज में नए-नए पैमाने गढ़ रहा: विष्णु के अवतार ...उपचार में बनेंगे मददगार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बदलते** दौर में एम्स प्रशासन इलाज में नए-नए पैमाने गढ़ रहा है। योग, ध्यान और अध्यात्म की गोली तैयार करने के बाद अब पौराणिक कथाओं को आधुनिक चिकित्सा से जोड़ा गया है। अस्पताल के बर्न्स और प्लास्टिक सर्जरी विभाग में दशावतार की अवधारणा पर एक प्रोटोकाल तैयार किया है। इसमें हर अवतार की प्रकृति के हिसाब से एक सिंबल दिया गया है। साथ ही अस्पताल में इसी के अनुरूप मरीजों की सुरक्षा, इलाज की गुणवत्ता में स्थायित्व और मरीजों में विश्वास समेत दूसरे जरूरी मानकों से जोड़ा गया है। विभाग के विशेषज्ञों के मुताबिक, दशावतार मॉड्यूल को लागू कर एम्स के डॉक्टर आधुनिक इलाज के साथ प्राचीन संस्कृति जोड़ रहे हैं। इसमें मानक तय किए गए हैं, जिसे हर हालत में सभी को मानना है। बीते दिनों इस मॉडल पर काम शुरू हुआ है। इसका नतीजा यह रहा कि मरीजों में सकारात्मकता है और उनकी रिकवरी दर भी तेज है। आगे अनुभव




के आधार पर इसमें सुधार किया जाएगा। विभाग में हर दिन 100 से 150 मरीज ओपीडी में आते हैं। इनमें सर्जरी, प्रत्यारोपण सहित अन्य के मरीज भी शामिल हैं। हर साल विभाग में करीब एक लाख मरीजों को इलाज मिलता है।

**अवतारों के नाम, सिंबल और गाइडलाइंस**

**मत्स्य अवतार : सुरक्षा**
विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों पर इलाज।
इलाज के दौरान मरीजों को न हो किसी तरह का कोई इंफेक्शन।
सख्ती से एंटीबायोटिक प्रोटोकॉल लागू किया जाता है।

**कूर्मावतार : स्थायित्व**
अस्पताल में दी जा रहीं स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता रहे बरकार।
मिले एनएबीएच मानकों पर खरा उतरना।
नवाचार पर काम करना।

**वराह अवतार : बचाव**
तत्काल राहत दिलाने के लिए अलग से फैकल्टी की हर वक्त तैनाती।
बड़े स्तर की आग की आपदा से बचने के लिए 15 बेड का हर वक्त अलग से इंतजाम।
विभाग का हर स्टाफ आग से बचाव के लिए तैयार।

**नरसिंह अवतार : साहस**
सुरक्षित वातावरण और सटीक रणनीति से इलाज।
मरीजों में इलाज के दौरान निर्णय क्षमता का विकास।
गंभीरतम सर्जरी के लिए हर हाल में तैयार रहना।

**वामन अवतार : मानवता**
आयुष्मान भारत समेत दूसरे माध्यम से गरीबों को बेहतर इलाज दिलवाना।
टीम वर्क से काम।
सांस्कृतिक मानवता व विविधता का मिलान।

**परशुराम अवतार : नीति परायणता**
मरीजों के अधिकारों को बनाए रखना।
डिजिटल रिकार्ड तैयार करना।
अंगदान व रक्तदान की जरूरत होने पर रिश्तेदारों को वरीयता देना।

**रामावतार : सदाचार**
उपचार और शोध में 100 फीसदी नैतिकता का पालन करना।
मरीजों के मेडिकल रिकॉर्ड की गोपनीयता बनाए रखना।
अच्छे चिकित्सकीय अभ्यास का पालन करना।

**कृष्णावतार : करूणा**
सभी मरीजों के प्रति दयाभाव।
एसिड से जले मरीजों में विश्वास जगाना।
दिव्यांगों को क्षेत्र विशेष में मिले हर सुविधा।

**बुद्ध अवतार : आत्मज्ञान**
हर महीने स्टाफ का प्रशिक्षण।
मरीजों के फीडबैक के आधार पर गुणवत्ता में सुधार।

## संपादकीय

# लड़कियों के लिए असमान अवसर

**प्रत्येक वर्ष** 11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस( इंटरनेशनल डे आफ द गर्ल चाइल्ड) के रूप में मनाया जाता है। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि बालिकाएं किसी भी समाज के कल्याण, विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। मिशेल ओबामा ने कहा है कि 'जब लड़कियाँ शिक्षित होती हैं, तो उनका देश अधिक मजबूत और समृद्ध होता है।' वास्तव में यह लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि कनाडा सरकार ने एक आम सभा में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा। साल 2011 में 19 दिसंबर के दिन संयुक्त राष्ट्र ने इस प्रस्ताव को पारित कर दिया। आज के इस समय में महिलाओं के, लड़कियों के सशक्तिकरण के बावजूद उनसे जुड़े बहुत से मुद्दे हैं,जिन पर ध्यान केंद्रित किए जाने की जरूरत है। आज भी हमें यौन अपराध, महिलाओं, बच्चियों के खिलाफ हिंसा, अत्याचार, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह जैसी अनेक समस्याएं देखने को मिलती हैं, यह दिन इन सभी मुद्दों पर ध्यान देने का दिन है, क्यों कि महिलाओं के विकास बिना कोई भी समाज कभी भी आगे नहीं बढ़ सकता है। जानकारी देना चाहूंगा कि एनसीआरबी यानी कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार सिक्किम में बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों की दर सबसे अधिक है, इसके बाद केरल, मेघालय, हरियाणा और मिजोरम का स्थान है।पश्चिम बंगाल और ओडिशा शीर्ष पाँच राज्यों (महाराष्ट्र, एमपी और यूपी के साथ) में शामिल हैं, जो देश भर में बच्चों के खिलाफ किये गए कुल अपराधों का 47.1% है।वर्ष 2021 में अकेले पश्चिम बंगाल में बच्चों के खिलाफ अपराध के 9,523 मामले दर्ज किये गए। यह बहुत ही महत्वपूर्ण, गंभीर व संवेदनशील है कि भारत में कन्या भ्रूण हत्या की दर विश्व भर में कन्या भ्रूण हत्या की उच्चतम दरों में से एक है। वर्ष 2011 की जनगणना में 0-6 वर्ष की आयु वर्ग में सबसे कम लिंगानुपात (914) दर्ज किया गया है, जिसमें 3 मिलियन लापता लड़कियाँ शामिल थीं। इनकी संख्या वर्ष 2001 के 78.8 मिलियन की तुलना में वर्ष 2011 में 75.8 मिलियन हो गई।एक अन्य आंकड़े के अनुसार प्रत्येक वर्ष भारत में कम-से-कम 15 लाख लड़कियों की शादी 18 वर्ष से कम उम्र में हो जाती है, जिसके चलते भारत में बाल वधुओं की संख्या विश्वभर में सबसे अधिक (वैश्विक रूप से कुल संख्या का एक-तिहाई) है। आज भी हमारे समाज में महिलाओं और लड़कियों को उच्च शिक्षा ग्रहण नहीं करने दी जाती है, पुरूष मानसिकता के कारण भेदभाव की शिकार होती हैं। लड़कों की तुलना में लड़कियों के लिए असमान अवसर हैं। यह बहुत ही महत्वपूर्ण और संवेदनशील है कि आज के इस आधुनिक युग में भी कहीं न कहीं भारत में लड़कियों को अपने घरों के अंदर और बाहर अपने समाज में कहीं न कहीं किसी न किसी रूप और स्तर पर अनेक प्रकार से भेदभाव का सामना करना पड़ता है। यह भी गंभीर है कि भारत में पाँच साल से कम उम्र की लड़कियों की मृत्यु दर लड़कों की तुलना में 8.3 फीसदी अधिक है। विश्व स्तर पर यह लड़कों के लिये 14% अधिक है। हालांकि ऐसा भी नहीं है कि सरकार द्वारा इस दिशा में कोई काम नहीं किए जा रहे हैं।

# हम इतने व्यस्त हैं कि हमारे पास समय ही नहीं

**डॉ. प्रितम भीमराव**

> "लोगों में सहनशीलता इस कदर खत्म हो चुकी है कि अगर किसी को गलत काम करने से रोको तो वो आपको ही मारने पर उतारू हो जाता हैं, छोटी-छोटी बात पर आप खो देते है। अभिभावक के डांटने भर से बच्चे अनुचित कदम उठाने लगे है। किशोरों में नशाखोरी और अपराधवृत्ति लगातार बढ़ रही है। संस्कारों की धज्जियां तो खुले आम उड़ाई जाती है। बच्चे कहाँ जा रहे हैं, किससे मिलते, कहाँ समय व्यतीत करते, आज यह बहुत से अभिभावकों को पता नहीं है। अभिभावक क्या बच्चों को आवश्यक पोषक वातावरण बनाकर दे रहे है? आखिर कहा व्यस्त होते है इतना, कि खुद के लिए या बच्चों के अच्छे परवरिश के लिए भी हमारे पास समय नहीं होता। दुर्व्यवहार और कलह तनाव का कारण बनता है। अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन योग्य पद्धति से न करना ही भविष्य में समस्याओं की निर्मिति हैं"

**आजकल** हम अक्सर सुनते हैं कि "हम बहुत व्यस्त रहते है, हमारे पास समय कहा", ऐसा कथन लोगों के जुबान पर बना रहता है और सोशल मीडिया पर कीमती समय बर्बाद करके खूब ओतप्रोत स्नेह दशार्ते है, परन्तु प्रत्यक्ष मिलने के लिए समय नहीं होता। आधुनिकता और दिखावे के चक्कर में हम अपनी संस्कृति, परंपरा, घर-परिवार, रिश्ते-नातों, अपनों से काफी दूर निकल गए है। बाहरी सुख के मृगतृष्णा में हम अपनी आत्मीय खुशियों की होली खुद ही जला आये है। सुंदर, सरल और संतुष्ट जीवन की ओर देखने का नजरिया अब बिल्कुल बदल गया है। लोग धन देखकर अब आदरभाव दिखाते हैं। लोगों की खुशी में खुश होने वाले लोग अब ईर्ष्या से जलने लगे है और कभी मासूम-सी मुस्कान रहने वाले चेहरों पर झूठी हंसी रहने लगी है। सच और अच्छाई की जगह अब झूठ और बुराई तुरंत वायरल होते हैं और ऐसे ही अफवाहों का बाजार निरंतर गर्म रहता है। मनोरंजन की दुनिया में अश्लीलता को सभ्यता का आचरण मानकर प्रोत्साहन दिया जा रहा और दूसरी तरफ सदाचार, ज्ञान को उबाऊ मानकर अवहेलना की जा रही है। गांवों से ज्यादा साधन सुविधा सम्पन्न शहरी लोग होकर भी ज्यादा बीमारियां लेकर घूमते हैं। शरीर को बीमार कर अस्पतालों में बड़े-बड़े बिल भरेंगे लेकिन अपनों से दिल मिलाने का समय नहीं हैं। हमने जो नहीं करना चाहिए बस वही कर रहे हैं इसीलिए स्वास्थ्य तेजी से बिगड़ रहा है।
विश्वभर में तेजी से बढ़ते मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु हर साल 10 अक्टूबर को "विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस" मनाया जाता है। वर्ल्ड फाउंडेशन ऑफ मेंटल हेल्थ द्वारा निर्धारित इस वर्ष 2023 की थीम "मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार" यह है। मानसिक स्वास्थ्य बुनियादी मानव अधिकार अंतर्गत हर किसी को, चाहे वह कोई भी हो और जहां भी हो, मानसिक स्वास्थ्य के उच्चतम प्राप्य मानक का अधिकार है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य जोखिमों से सुरक्षित रहने का अधिकार, उपलब्धता, सुलभता, स्वीकार्यता, अच्छी गुणवत्ता वाली देखभाल का पूर्ण अधिकार, स्वतंत्रता और समाज में शामिल होने का अधिकार है। वैश्विक स्तर पर आठ में से



एक व्यक्ति मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के साथ जी रहा है, किशोरों और युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य समस्या तेजी से प्रभावित कर रही हैं। आज मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति वाले लोग व्यापक स्तर पर मानवाधिकारों के उल्लंघन का सामना कर रहे है। कई लोगों को घर-परिवार, सामाजिक जीवन से बाहर कर दिया जाता है, भेदभाव किया जाता है, कई मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सा देखभाल से वंचित रहते है, यह उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन है।
डब्ल्यूएचओ कहता है कि मानसिक स्वास्थ्य को महत्व दिया जाए, प्रोत्साहित किया जाए, संरक्षित किया जाए, तत्काल कार्रवाई की जाए ताकि हर कोई अपने मानवाधिकारों का उपयोग कर सके और उन्हें आवश्यक गुणवत्तापूर्ण मानसिक स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त हो सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, अवसाद एक सामान्य मानसिक विकार है। विश्व के लगभग 7 में से 1 किशोर को मानसिक विकार है। हर साल 700,000 से अधिक लोग आत्महत्या से मर जाते हैं। गंभीर मानसिक विकार वाले लोग सामान्य आबादी की तुलना में 10 से 20 साल पहले मर जाते हैं। कम आय वाले देशों में प्रति एक लाख आबादी पर एक से भी कम मानसिक स्वास्थ्य कर्मचारी हैं, जबकि उच्च आय वाले देशों में 60 से अधिक हैं। अवसाद और चिंता के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रति वर्ष उत्पादकता में लगभग 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है। कोरोना महामारी के पहले वर्ष में दुनिया भर में चिंता और उदासी की व्यापकता में 25% की वृद्धि हुई थी। भारत को "सबसे अवसादग्रस्त देशों में से एक" कहा गया है, देश में आत्महत्या की ग्रोथ भी अधिक है। साल 2022 में कुल वित्तीय स्वास्थ्य बजट में से केवल 0.8% मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवंटित किया गया था। हमारा रहन-सहन, यांत्रिक संसाधन, प्रदूषण, व्यवहार, स्वार्थ और असंतुलित दिनचर्या ने हमें बीमार बनाया है। भौतिक सुख कभी आत्मीय सुख की जगह नहीं ले सकते फिर भी हम उसी के पीछे भाग रहे हैं और सुख चैन गवां रहे है। दुनिया में ऐसे कई अमीर लोग हैं जो अपना वैभव छोड़कर प्रकृति के सानिध्य में सादा जीवन जीते हैं क्योंकि इससे उन्हें मानसिक शांति मिलती है। आज के समय में मानसिक विकारों को बढ़ाने के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार हम खुद हैं, क्योंकि हमने खुद को नकारात्मक विचारों से घेर लिया है। दिन-रात बुरे विचार, गलत खान-पान, दूसरों पर ज्यादा भरोसा, दूरदृष्टि की कमी, दिखावा, गलत लोगो की संगत, सहनशीलता, मेहनत व जागरूकता की कमी ने हमारी सोच को खराब कर दिया है।
लोगों में सहनशीलता इस कदर खत्म हो चुकी है कि अगर किसी को गलत काम करने से रोको तो वो आपको ही मारने पर उतारू हो जाता हैं, छोटी-छोटी बात पर आप खो देते है। अभिभावक के डांटने भर से बच्चे अनुचित कदम उठाने लगे है। किशोरों में नशाखोरी और अपराधवृत्ति लगातार बढ़ रही है। संस्कारों की धज्जियां तो खुले आम उड़ाई जाती है। बच्चे कहाँ जा रहे हैं, किससे मिलते, कहाँ समय व्यतीत करते, आज यह बहुत से अभिभावकों को पता नहीं है। अभिभावक क्या बच्चों को आवश्यक पोषक वातावरण बनाकर दे रहे है? आखिर कहा व्यस्त होते है इतना, कि खुद के लिए या बच्चों के अच्छे परवरिश के लिए भी हमारे पास समय नहीं होता। दुर्व्यवहार और कलह तनाव का कारण बनता है। अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन योग्य पद्धति से न करना ही भविष्य में समस्याओं की निर्मिति हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य विकार बढ़ाता है।

लोग इतना व्यस्त दिखते हैं कि एक ही बस्ती में रहकर भी सालों तक पुराने परिचितों, दोस्तों से मिल नहीं पाते हैं। लोगों की बड़ी-बड़ी बातें दिलों के बीच दूरी बढ़ाते हैं। अहंकार, द्वेष ने लोगों को व्यस्त किया हैं वर्ना समय सबके पास होता हैं, बस आपकी इच्छाशक्ति प्रबल होनी चाहिए। बिना किसी काम के निस्वार्थ भाव से किसी के लिए समय निकालकर उनसे मिलने जाना अब दुर्लभ होते जा रहा हैं। रक्तदान, अन्नदान की तरह आज के समय में वक्तदान भी बहुत महत्वपूर्ण दान बन गया हैं, औरों के लिए समय निकालना सबको सीखना होगा। मानसिक स्वास्थ्य को निरोगी बनाए रखना बहुत आसान है, केवल हमें अपने व्यस्त जीवन शैली में थोड़ा बदलाव करना है। रोज खुद के लिए भी समय निकालना सीखें, सकारात्मक विचारों वाले लोगों से जुड़े, नशा और झूठे दिखावे से बचें, पोषक आहार लें, रोजाना व्यायाम और पूरी नींद जरूरी है। झगड़ालू और रोने-धोने वाले सीरियल मस्तिष्क को पीड़ा देते है, ऐसे सीरियल ना देखें। बच्चों को संस्कारशील और सुजान नागरिक बनाने की जिम्मेदारी अभिभावक की है, अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएं। बड़े-बुजुर्गों का आदर करें, हेल्दी दिनचर्या बनायें। हमारी वजह से किसी को भी हानि न हो, ईमानदारी से नियमों का पालन करें। जितना संभव हो, परोपकारिता के साथ जिएं। प्रकृति और पशु-पक्षी से प्रेम करें। अगर हम में कोई अच्छी हॉबी या अच्छी आदत हो तो उसे कभी भी छूटने ना दें। अपनों से मिले, हंसते-मुस्कुराते रहें, जिंदगी खुलकर जियें। हमारी छोटी सी जिंदगी है, समाधानी बनकर तनाव मुक्त जीवन जिएं।

## कविता

'किसने इतनी बंदिशे लगा दी कि

किसने इतनी बंदिशे लगा दी कि-
कुछ परिंदे उड़ना ही भूल गए।

कुछ बंद कर दिए गए दायरे में,
जैसे पंख फड़फड़ा कर रह गए।

कितनों को मिल रही शय इतनी ,
आसमान को अपना ही मान गए।

कुछ हर शाख पर फिरते इतराते,
पेट खूबभर टूलम-टूल ही हो गए।

किन्हीं पर कृपा वनमाली की क्या?
चुरा- चुरा फल कहीं दूर उड़ गए।

क्या मुँह दिखाने लायक रहेगा वनमाली?
मालिक गर हिसाब मांगने पर अड़ गए।

डा. जय किशन

# कांग्रेस और केजरीवाल की तकरार

**आम** आदमी पार्टी के तीनों वरिष्ठ नेता जेल में हैं। सत्येंद्र जैन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया हुआ है। चार अक्टूबर को करीब दस घंटे की लंबी पूछताछ के बाद ईडी ने संजय सिंह को गिरफ्तार किया था । इससे पहले 'अमर्यादित व्यवहार' के आरोप में उनके साथ-साथ राघव चड्ढा को भी राज्यसभा से निलंबित किया गया था। शराब घोटाले में गिरफ्तार संजय सिंह के तीन करीबी लोगों से पूछताछ शुरू हो गई है। सर्वेश मिश्रा सेईडीपूछताछ कर रही है।ईडीका दावा है कि संजय सिंह सर्वेश मिश्रा, विवेक त्यागी और कंवरवीर सिंह के जरिए ही अपने काम करवाते थे। शराब घोटाले में सरकारी गवाह बन चुके दिनेश अरोड़ा ने बताया था कि संजय सिंह को दो करोड़ रूपए दो किश्तों में सर्वेश मिश्रा के जरिए दिए गए थे। इसलिए ईडीने सर्वेश मिश्रा को पूछताछ के लिए बुला लिया और करीब दस घंटे तक लगातार पूछताछ चली। सर्वेश के अलावाईडीने संजय सिंह के दो और सहयोगियों विवेक त्यागी और कंवरवीर सिंह को भी पूछताछ का समन जारी कर दिया है। हालांकि संजय सिंह के सहयोगियों से पहले भी पूछताछ हो चुकी है और इसका जिक्रईडीने संजय सिंह के रिमांड पेपर्स में किया है। चूंकिईडी का दावा है कि सर्वेश के जरिए ही दो करोड़ रूपए की डिलवरी की गई, इसलिए सर्वेश से पूछताछ के बाद संजय सिंह की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। जैसे जैसे संजय सिंह पर शिकंजा कस रहा है, वैसे वैसे इसका राजनीतिक असर भी दिखने लगा है। संजय सिंह की गिरफ्तारी के मुद्दे पर इंडिया एलायन्स में फूट दिखाई दे रही है। अगला नंबर किस नेता का होगा? इसे लेकर पुख्ता तौर पर तो कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन जानकारों का मानना है कि संकट के बादल इतनी जल्दी छंटने वाले नहीं हैं। जिन राज्यों मध्य प्रदेश , छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जल्द विधानसभा चुनाव की घोषणा होने वाली है और यहाँ हमेशा कांग्रेस व भाजपा के बीच वन टू वन मुकाबला होता आया है पर इस बार आप पार्टी ने इन तीनों राज्यों की सभी सीटों से अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा करदी है । कांग्रेस व आप पार्टी इंडिया गठबंधन का हिस्सा है सो कांग्रेस को यह बात नागवार गुजर रही है । वैसे आप पार्टी और कांग्रेस के बीच पंजाब व दिल्ली को लेकर पहले से विवाद शुरू है और ऐसा लगता है कि अभी यह गठबंधन टूटने की कगार पर है पर किसी प्रकार गाड़ी आगे चल निकलती है । दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस और केजरीवाल की तकरार को समझने के लिए इसकी पृष्ठभूमि को समझना जरूरी है। अगर सिर्फ चुनाव नतीजों के लिहाज से देखा जाए तो दोनों राज्यों में केजरीवाल की पार्टी का वर्चस्व है। केजरीवाल ने जिस अंदाज में दिल्ली और पंजाब के विधानसभा चुनाव को जीते हैं, उसे आधार बनाया जाए तो कांग्रेस का इन दोनों राज्यों में लोकसभा की सीटों पर कोई क्लेम नहीं बनता।

## विचार

# नदी घाटी सभ्यता नहीं ,नदी संस्कृति पर बातें हों

**डॉ. रामानुज पाठक सतना (म. प्र.)**

**नदी भूतल पर** प्रवाहित एक जलधारा है, जिसका स्त्रोत प्रायः कोई झील, हिमनद, झरना या बारिश का पानी होता है तथा किसी सागर अथवा झील में गिरती है।"नदी" शब्द संस्कृत के नद्यः से आया है। संस्कृत में ही इसे सरिता भी कहते हैं। नदी दो प्रकार की होती है- सदानीरा या बरसाती। सदानीरा नदियों का स्त्रोत झील, झरना अथवा हिमनद होता है और वर्ष भर जलपूर्ण रहती हैं, जबकि बरसाती नदियाँ बरसात के पानी पर निर्भर करती हैं।सरिता,तटिनी,तरंगिणी, निर्झिरिनी आपगा,निम्नगा, कूलंकषा, वाहिनी, अपगा, शैवालिनी, शैलजा, सिंधुगामिनी,स्त्रोतस्विनी, जलमाल, नद, प्रवाहिनी ,पयस्विनी, तरनी, तटिया, कल्लोलिनी,लहरी, सरी तरंगवती, तरंगिनी ,द्वीपवती, लरमाला निर्झरणी अर्थात नदी के तकरीबन 25से अधिक पर्यायवाची शब्द हैं।नदी के साथ मनुष्य का गहरा सम्बंध है। नदियों से केवल फसल ही नहीं उपजाई जाती है बल्कि वे सभ्यता को जन्म देती हैं अपितु संस्कृति को भी पोषण देती हैं,उसका लालन-पालन भी करती हैं। नदियां सब एक जैसी होती हैं,प्रत्येक नदी के रहने वाला समाज अलग होता है जिस समय हम गंगा के किनारे चलते हैं तो हमें पवित्रता, श्रद्धा का ध्यान रहता है। प्रत्येक नदी के किनारे की सभ्यता अलग-अलग होती है नदियों ने "संस्कृति "बनाई है। व्यक्ति का मन और भाव बनाती हैं
नदियां,इसलिए मनुष्य हमेशा नदी को देवी के रूप में देखता आया है।
हमारे अतीत में ऋषि, मुनियों ने इन नदियों के किनारे ज्ञान को प्राप्त किया। बड़े-बड़े वैज्ञानिक अनुसंधान जो हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों ने किया शायद नदियों के किनारे ही तप कर के किए हैं।अभी भी बड़े बड़े विकसित महानगर नदियों के किनारे बसे हैं। मानव सभ्यता और संस्कृति नदियों के किनारे ही फली फूली है। दुर्भाग्य से हमें इतिहास की पाठ पुस्तकों में "नदी घाटी सभ्यताओं" के विषय में तो जानकारियां दी गई लेकिन "नदी संस्कृति" के विषय में जानकारी नहीं दी गई। सभ्यता जहां भौतिक होती है "संस्कृति" वही "आंतरिक" होती है। नदी भुक्ति मुक्ति, दाता है ,नदियों में प्रवाह है, नदियों में जीवन की दृष्टि है और यदि यह नदियां सूख जाएगी तो हमारा संकल्प सूख जाएगा,जीवन सूख जाएगा। नदी नहीं तो मठ नहीं, नदी नहीं तो मंदिर नहीं, नदी नहीं तो जीवन नहीं ,नदी नहीं तो श्रृष्टि नहीं।आधुनिक भारत के नामकरण में नदी शब्द का योगदान है। सरस्वती नदी के किनारे ही भरत जन रहते थे, नदी के किनारे साहित्य लिखा गया। प्रश्न यह विचारणीय हो जाता है की नदी के किनारे ही साहित्य क्यों लिखा गया ?और क्या लिखा गया? हमारे धर्म ग्रंथो में तो "विश्वामित्र नदी संवाद" तक का वर्णन किया गया है। नदी को "जीवन दायिनी" के साथ-साथ एक "सजीव" का रूप दिया गया है ,नदियों के साथ सृष्टि के बीच एकात्मक सूत्र है ,इस सृष्टि के साथ मानवेतर रिश्ते हैं।नदियां अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ करती हैं मार्ग की बाधाओं को पार करने के लिए कई बार अपना रुख बदलती हैं लेकिन प्रवाह सदैव बनाए रखती हैं ,आत्म संयम का महत्व बताती है नदी। नदी से आध्यात्मिकता, पवित्रता का जन्म होता है। मलिनता को त्याग कर पवित्रता कोअंगीकार करने में नदियां सहायक है। हम उन्हें किन्हीं भाव से स्पर्श करें हमारी नदियां अपना स्नेह ही प्रदान करती हैं।
नीर,नदी,नारी का भारतीय संस्कृति में अद्भुत स्थान है। ब्रह्मपुत्र के सप्त सिंधु तक भारत की एक खास संस्कृति है। नर्मदा का उत्तर तीर्थ गोदावरी के दक्षिण भाग, भारतीय संस्कृति का अपना अलग ही परिचय कराती हैं।अपने देश की संस्कृति तो "नदी संस्कृति "की ही है।वैदिक एवं उत्तर वैदिक काल में नदी संस्कृति ही है। जीवन दायिनी, जलधारिनी ,जलवाहिनी नदी बहती है और जीवन देती है सृजन का सरोकार उत्पादकता और वृद्धि से ही है।नदियां मानव सभ्यताओं और बस्तियों को जन्म देती हैं। पहले नदियों से ही यात्रा होती थी।नदियों के सानिध्य में प्रवास की परंपरा पुरानी है भारतीय शपथ भी लेते थे तो नदी के किनारे, नदी के सामने लेते थे। नदियां अनुशासन सिखाती हैं। नदी बनी तो "अधिष्ठान" की जरूरत पड़ी "तपोवन" की जरूरत पड़ी इसीलिए विख्यात और विशिष्ट शोध नदियों के किनारे ही हुए हैं। नदियों के किनारे उत्सवों का आयोजन होता रहा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# मेहनत से नए विकल्प की खोज

चीन में चल रहे एशियाई ओलंपिक में भारत ने जहां 100 पदको से ज्यादा पदक जीत लिए हैं और यह साबित कर दिया है की मेहनत, लगन, संकल्प से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है भारत वासियों और सभी खिलाड़ियों को इस रिकॉर्ड तोड़ सफलता के लिए अनंत बधाइयां शुभकामनाएं। जहां सफलता की संभावना एकदम कम तथा न्यून हो और सफलता मिल जाए तो भाग्य को श्रेय दिया जाता है' वास्तव में जो सफलता के चरम पर होता है, वह खुद ही जानता है कि भाग्य सफलता का एक पहलू है ' सफल व्यक्ति से जुड़े हुए लोग उसके साहस और श्रम को श्रेय देने के बजाय व्यक्ति के भाग्य पर जोर देने लगते हैं'
इस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं, जो सफलता को कुछ निश्चित गुणों पर आधारित मानते हैं।असफल व्यक्ति ही भाग्य पर ज्यादा भरोसा करते हैं, असफल होने पर अपने भाग्य को कोसते हैं' वस्तुतः भाग्य नाम की कोई चिड़िया होती ही नहीं है। भाग्य साहस और मेहनत की परिणति है। जिसके भीतर साहस और श्रम करने की प्रवृत्ति होती है, वही व्यक्ति सफल होता है। भाग्य उसका सदैव साथ देता है। साहसी व्यक्ति मेहनत से नहीं डरता,चुनौतियां स्वीकार करता है,और निडर होकर हर चुनौती का डटकर मुकाबला करता है। साहसी व्यक्ति कांटों से भरे पथ पर चलने के लिए तत्पर रहता है, डर नामक चीज से वह परिचित नहीं होता है। और अपनी मेहनत और साहस के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त करता है, वही व्यक्ति भाग्यवान कहलाता है। मशहूर मुक्केबाज मोहम्मद अली उर्फ कैशियस क्ले ने एक महत्वपूर्ण मुक्केबाजी की स्पर्धा जीतकर कहा था," जो व्यक्ति जीवन में ज्यादा खतरे नहीं उठाता वह एक साधारण जिंदगी जीने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकता" मोहम्मद अली के इस कथन में कई सफलता के तत्व छुपे हुए हैं, यदि आपने अपनी जिंदगी में साहस नहीं दिखाया तो निश्चित तौर पर आप कुछ भी उल्लेखनीय नहीं कर सकते हैं, साहस एक ऐसा माननीय गुण है जो व्यक्ति की सफलता को दुगना कर देता है। साहस और श्रम ही जीवन का पर्याय है, और ऐसे व्यक्ति भीड़ में अलग दिखाई देते हैं।

# मेनिफेस्टो वाला घोल

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**बड़ी ग**जब स्थिति थी। ऊपरवाले का नाम लिया और नाक बंद कर के झट से एक घूँट गले के नीचे ढकेल दिया। लेकिन यह क्या... जैसे ही मेनिफेस्टो वाला घोल पेट में पहुँचा अजीबोगरीब हलचल होने लगी। पेट ऐंठने लगा। मैंने ताऊ से कहा झ पेट गड़बड़ा रहा है। उन्होंने कहा झ अरे छुटके! यह तो पिछले साल वाला मेनिफेस्टो वाला घोल था। इसी को झेल नहीं पाए तो इस बार के मेनिफेस्टो वाले घोल को खाक झेल पाओगे। जितने दल उतने मेनिफेस्टो घोल होंगे। आज एक भी मेनिफेस्टो ऐसा नहीं जिसे तुम हजम कर सको। राजस्थान को ले लो, तेलंगाना को ले लो या फिर मध्य प्रदेश को ले लो, चाहे जिसे ले लो तुम्हारे पेट में गड़गड़ाहट होना तय है।
हमारा देश गड़गड़ाहट पहले पैदा करता है भारत बाद में कहलाता है। छुटके से रहा नहीं गया। उसने ताऊ से गिड़गिड़ाते हुए एक लोटा पानी माँगा। ताऊ समझ गए कि छुटका एक लोटा पानी पीकर देश की गड़गड़ाहट से छुटकारा पाना चाहता है। । उनके बाल धूप में थोड़े न पके थे, सो उन्होंने अपना अनुभव दिखाया। एक लोटे में पंद्रह लाख जुमले वाला पानी भर लाए और छुटके को थमा दिया। छुटके ने पूछा झ कहाँ का पानी है? ताऊ बोले झ यह ऊँचे-ऊँचे जुमलों का मनलुभावन जल है। मेरी आदत है कि मुझे जो कोई जुमला अच्छा लगता है उसे भर-भरकर ले आता हूँ। अगर तुम्हें गरम पानी चाहिए तो बताओ मणिपुर कांड का पानी भी दो बोतल भरकर लाया हूँ।
छुटके ने कहा झ नहीं, नहीं! मुझे गरम पानी नहीं चाहिए। जुमले वाला पानी ही ठीक है। जुमले वाला पानी पीने के बाद छुटका ताऊ को मंद-मंद मुस्कान के साथ देखने लगा। ताऊ ने कहा झ अब बताओ कैसा लग रहा है? कुछ राहत मिली। या फिर दो करोड़ नौकरी वाला ठंडा-ठंडा कूल-कूल पानी पिलाऊँ। छुटके ने कहा झ अरे ताऊ! जब से यह जुमले वाला पानी पिया है, मेरे भीतर की हँसी रुकने का नाम नहीं ले रही है। मुझसे रहा नहीं जाता। लगता है हँस-हँस के मैं कहीं पागल न बन जाऊँ। ताऊ के चेहरे पर मुस्कान आ गई। बोले झ यही तो। अब समझ में आया तुम्हें मेनिफेस्टो घोल क्या होता है?

## न्यूज फ्लैश

### भाई के घर चोरी करने वाला काबू, डेढ़ लाख की नकदी बरामद



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** पुलिस चौंकी जलमाना की टीम ने अपने ही भाई के घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देने आरोपी मंजीत पुत्र जयपाल वासी अलवाला को बस स्टैंड अलावला से विश्वसनीय सूचना पर गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चुराई गई डेढ़ लाख की राशि बरामद कर ली है। पुलिस जांच के दौरान पाया गया की आरोपी ने 7 अक्टूबर को सुबह के समय शिकायतकर्ता अमरजीत वासी अलावाला के घर में घुसकर अलमारी से दो लाख रुपए नगद की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में थाना असंध में अज्ञात के खिलाफ भादंसं की धारा 380, 457 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पूछताछ में पाया गया कि आरोपी शिकायतकर्ता का सगा भाई है। जो कि कुछ साल पहले से अलग-अलग रहते है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(कमाल हुसैन)**
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# शहीद के माता-पिता को मिले पेंशन : वीरेश शांडिल्य

## खालिस्तान के खिलाफ दिल्ली में कनाडा दूतावास के बाहर करेंगे प्रदर्शन व जलाएंगे कनाडा का झंडा: शांडिल्य

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
भारत की जनता अगर शहीदो के परिवारों को 1-1 रुपया की राशि दें तो परिवार को 132 करोड़ रूपए की आर्थिक मदद मिलेगी और एक देशवासी का केवल 1 रुपय खर्च होगा । उपरोक्त शब्द विश्व हिन्दू तख्त के अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख एवं एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने सोनीपत में पत्रकारों एसडी बातचीत करते हुए । सोनीपत पहुंचने पर शांडिल्य का विश्व हिन्दू तख्त के सोनीपत जिलाध्यक्ष लोकेश शर्मा, उप प्रधान डॉ. नीरज मल्होत्रा, अंकुश, सत्तू दहिया, दीक्षांत अरोड़ा, जयभगवान दहिया, चंद्र सिंह, बबला शर्मा , राम निवास शर्मा, अनिल खत्री, मदन भारद्वाज , विकास ग्रोवर, जयदेव मौजूद रहे । वहीं शांडिल्य ने कहा भारत सरकार संसद में कानून पारित करें कि देश के लिए शहीद हुए जवान को 5 करोड़ की आर्थिक राशि व पेट्रोल पंप या गैस एजेंसी मिलेगी ' उन्होंने अनंतनाग में शहीद हुए जवानों के लिए भी 5 करोड़ की आर्थिक सहायता देने की अपील केंद्र सरकार से की ' शांडिल्य ने कहा शहीद के माता एवं पिता को ताउम्र पेंशन मिले ताकि वह अपनी आजीविका अच्छे ढंग से चला सकें।वहीं शांडिल्य ने कहा शहीद के बच्चों को ताउम्र



मुफ्त शिक्षा दी जाए और वह जितनी भी पढ़ाई करना चाहते है केंद्र व राज्य सरकार उसकी व्यवस्था करें ' एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया व विश्व हिन्दू तख्त के प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने कहा कि पाकिस्तान साँप है जहर उगलना व डसना बंद नही कर सकता जब तक उंसका फन मोदी सरकार जब कुचल नही देती तब तक पाकिस्तान को अपनी औकात नही पता चलेगी। शांडिल्य ने कहा शहीदों की बदौलत आज 140 करोड़ भारत वासी आजादी की हवा में सांस ले रहे हैं। वीरेश शांडिल्य ने कहा कि उनका संगठन 30 साल से आतंकवाद, खालिस्तानी मुहिम व बब्बर खालसा के आतंकवादियों सहित देशद्रोहियों के खिलाफ जमीनी व कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं और भारतीय सेना की तरह उनके खून का अंतिम कतरा भी देश की एकता और अखण्डता के लिए कुर्बान होगा। शांडिल्य ने कहा मोदी सरकार को पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक नही बल्कि जंग का एलान कर

**मांग**

**8 अपने घरों एवं मंदिरों में सनातन की रक्षा करने वाले व ब्राह्मणों की जनेऊ एवं तिलक की रक्षा करने वाले गुरु तेग बहादुर जी के चित्र लगाएं**

इस्लामाबाद, कराची व लाहौर पर भारतीय ध्वज लहराकर पाक को उसकी औकात बतानी होगी। शांडिल्य ने कहा अब समय आ गया मोदी सरकार पाक में घुस कर लादेन की तरह लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख मौलाना मसजूद अजहर, हाफिज सईद को मौत के घाट उतार उसे 26/11 के स्मारक पर तेल डाल कर जला दिया जाए क्योंकि आतकवाद व देशद्रोहियों का कोई धर्म मजहब नही होता। शांडिल्य ने कहा पाक को बम व गोली की भाषा समझ आती है जो भारत ने 1965 में लोहे के चने चबवाये वो इतिहास मोदी सरकार दोहराए तभी कारगिल, 26/11, संसद हमला, लाल किला व उड़ी अटैक का बदला लेने व भारतीय सेना के कटे सिरों के बदले लेने का समय आ गया है। उन्होंने कहा मोदी को अब आर-पार करना होगा । वहीं शांडिल्य ने खालिस्तान समर्थकों को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि वह पिछले दो दशकों से खालिस्तान के खिलाफ मुहिम छेड़े हुए है और पंजाब को खालिस्तान बनाने की बात कहने वाले को वह लगातार मुहतोड़ जवाब दे रहे है । शांडिल्य ने कहा कनाडा में कुछ आतंकवादियों को कनाडा की सरकार समर्थन एवं संरक्षण दे रही है । इसके खिलाफ विश्व हिन्दू तख्त एवं एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया 20 अक्टूबर को कनाडा दूतावास के बाहर खालिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन करेगा और कनाडा का झंडा जलाएगा और भारत सरकार को आतंकवादियों के खात्मे की मांग करेगा । वहीं शांडिल्य ने कहा जब वह खालिस्तान एवं जरनैल सिंह भिंडरावाला के खिलाफ बोलते है तो कुछ कट्टरपंथी उन्हे सिख विरोधी बताने लगते है पर वह दस गुरुओं को जब से उन्होंने होश संभाली है पूजते आएं है और गुरुओं की सोच पर पहरा दे रहे है । शांडिल्य ने बताया की वह पहले व्यक्ति थे जिन्होंने पूरे देश में सनातनियों एवं ब्राह्मणों को अपने घरों एवं मंदिरों में सनातन की रक्षा करने वाले व ब्राह्मणों की जनेऊ एवं तिलक की रक्षा करने वाले गुरु तेग बहादुर जी के चित्र लगाएं ।

## 'मंडियों में हुई 3 लाख 72 हजार 706 मीट्रिक टन धान की हुई आवक'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि जिला में धान की खरीद का कार्य जारी है। अब तक जिले की मंडियों में 3 लाख 72 हजार 706 मीट्रिक टन धान की खरीद सरकारी एजेंसी द्वारा की गई। एजेंसियों को खरीदी गई धान का उठान में तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि धान की खरीद का कार्य जिले में 15 मंडी/परचेज सेंटरों पर शुरू कर दिया गया है। अब तक 3 लाख 72 हजार 706 मीट्रिक टन धान मंडियों में आई, जिससे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। इसमें से 2 लाख 40 हजार 890 मीट्रिक टन धान खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा, 87 हजार 459 मीट्रिक टन हैफेड द्वारा, 44 हजार 357 मीट्रिक टन हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा खरीदा गया। उन्होंने बताया कि मार्किट कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार असंध में 61898 मीट्रिक टन, बल्ला में 1348 मीट्रिक टन, ब्याना में 3924 मीट्रिक टन, घरौंडा में 39834 मीट्रिक टन, घीड़ में 2578 मीट्रिक टन, इंद्री में 54651 मीट्रिक टन, जुंडला में 21105 मीट्रिक टन, करनाल में 57426 मीट्रिक टन, कुंजपुरा में 10917 मीट्रिक टन, निगदू में 25588 मीट्रिक टन, नीलोखेडी में 6393 मीट्रिक टन, निसिंग में 47469 मीट्रिक टन तथा तरावडी में 39575 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई।

## रक्तदान से शरीर में नहीं आती कोई कमजोरी: राकेश गुप्ता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** महाराजा अग्रसेन की जयन्ती के उपलक्ष में अग्रकुल सेवा संस्था, एचडीएफसी बैंक, मानव सेवा संघ, जिला रैडक्रास सोसायटी एवं करनाल कैमिस्ट एसोसिएशन के सहयोग से थैलिसिमिया से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन मानव सेवा संघ में किया गया।
शिविर के लिए लगभग 350 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 289 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कल्पना चावला मैडिकल कॉलेज एवं पीजीआई रोहतक के ब्लड बैंक की टीमों ने रक्त एकत्रित किया। इस मौके पर मुख्यातिथि राकेश एण्ड कम्पनी के मैनेजिंग डायैरेक्टर राकेश गुप्ता ने सभी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। उन्होंने बताया कि नियमित रक्तदान करने से कई बिमारियों से छुटकारा मिलता है और शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती। इस मौके पर



मानव सेवा संघ के संचालक स्वामी प्रेममूर्ति जी ने पहुंचे सभी रक्तदाताओं को अपना स्नेह भरा आशीर्वाद दिया। संस्था के प्रधान डॉ. एस.के.गोयल ने शिविर में आए सभी रक्तदाताओं का स्वागत किया और बताया कि रक्त का कोई भी विकल्प नहीं। स्वस्थ इन्सान को जरूरतमंदों के लिए रक्तदान अवश्य करना चाहिए, इससे बढकर कोई भी अन्य दान नहीं है। उन्होंने बताया कि संस्था ब्लड जरूरतमंदों के लिए हमेशा तत्पर रहती है। शिविर के संयोजक कपिल किशोर ने बताया कि थैलेसिमिया जैसी बीमारी से बचने के लिये शादी से पहले हर लडका एवं लडकी को अपना ब्लड टैस्ट अवश्य कराना चाहिए। हर गर्भवती महिला को भी अपने रक्त की जांच अवश्य करानी चाहिये। सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। उन्होंने बताया कि अगले दो रक्तदान शिविर 15 अक्तूबर को कल्पना मैडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक, करनाल एवं चमार चौपाल गांव गुढा में सुबह 9 से दोपहर एक बजे तक लगाये जायेंगे। मंच का संचालन विनोद मंगला ने किया। रक्तदान शिविर के आयोजन में महासचिव पुनीत मित्तल, प्रकल्प प्रमुख रमन बंसल, नरेश गर्ग, पंकज बंसल, विपिन सिंगला, सीए नवदीप मित्तल, सुरज अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, प्रकाश बंसल सर्राफ, ईश्वर गुप्ता, सीए प्रवीन मित्तल, अभिषेक गर्ग, जगदीश अग्रवाल, पंकज गर्ग, संदीप गोयल, गुरदयाल अग्रवाल, राजेन्द्र गुप्ता, विजय गर्ग, दीपक गुप्ता, विनोद गुप्ता, राहुल गुप्ता, मधुर सागर, मुकेश गुप्ता, सीए नीरज गर्ग, राम कुमार गुप्ता, डॉ. पी.के. जैन, सुभाष बंसल, रोशन बंसल, अशीष मित्तल, रामप्रताप मित्तल, कमलजीत मोतिया, अनिल भट्ट, बलवान चौधरी, अमित शर्मा अमुपुर, हर्ष वर्मा, राजीव वधवा, एचडीएफसी बैंक से संजीव उप्पल, दर्पण वलेचा, सोनम, राजेश, काजल हिमांगनी, कुलबीर मलिक रैडक्रास सचिव, प्रदीप नंदा, रैजीडैंट वैलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-7 के प्रधान संजीव बजाज का सहयोग रहा।

## पन्ना सम्मेलन में काछवा से पन्ना प्रमुखों के साथ पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **करनाल** में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में गांव काछवा से रामनगर मंडल अध्यक्ष राजेश अग्घी और महामंत्री प्रमोद नागपाल के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कार्यकत्रा और पन्ना प्रमुख शामिल हुए। राजेश अग्घी ने कहा कि पन्ना प्रमुख सम्मेलन आगामी चुनावों के लिए बेहद महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। करनाल विधानसभा का पन्ना प्रमुख सम्मेलन पूरी तरह से सफल और ऐतिहासिक रहा। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं एवं पन्ना प्रमुखों की



मेहनत के बल पर आगामी समय में चाहे वह नगर निगम का चुनाव हो या लोकसभा व विधानसभा के चुनावों में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। बूथ नंबर 6, 7, 8 व 9 शक्ति प्रमुख सुनील पाल ने कहा कि भाजपा के लिए चुनाव उत्सव की तरह होते हैं और भाजपा सदा इसके लिए तैयार रहती है।

## प्राण वायु देवता पेंशन स्कीम पेड़ों के संरक्षण में सहयोगी : जय कुमार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
जिला वन अधिकारी जय कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा पुराने पेड़ों की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रदेशभर मे 75 साल से अधिक आयु के वृक्षों के लिए प्राण वायु देवता पेंशन स्कीम लागू की गई है। पेंशन के रूप में 2 हजार 500 रुपये सालाना उस व्यक्ति को दिए जाएंगे, जिनके घर या निजी जमीन पर पुराना वृक्ष है। इस प्रकार की योजना लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। उन्होंने बताया कि वह देखभाल के लिए सरकार से 2 हजार 500 रुपये ले सकता है।

## 'भगवान श्रीराम जैसा आदर्श बन समाज में पैदा करेंगे भाईचारे की भावना'



**निगदू/टीम एक्शन इंडिया।**
**उपतहसील** निगदू क्षेत्र में श्रीशनिधाम मंदिर में न्यू रामा डामैटिक कल्ब निगदू द्वारा रामलीला का शुभारम्भ किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत निगदू के सरपंच जितेन्द्र अरोडा उर्फ मोन्टू एवं सभी ग्राम पंच और गांव के गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की।
रामलीला शुभारम्भ के पहले दिन नारद मोह का मंचन हुआ। सरपंच जितेन्द्र अरोडा ने मंच के माध्यम से सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी को भगवान श्रीराम जैसा आदर्श बनकर जीवन में भाईचारे की भावना को पैदा करना चाहिए तो वहीं उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज को आगे बढाना का संदेश दिया। इस मौके पर न्यू रामा डामैटिक कल्ब निगदू के प्रधान राजकुमार शर्मा, संचालक राजकुमार उर्फ बिल्लू जसूजा, डायरैक्टर प्रवीण शर्मा, प्रबंधक राजू राणा व सलाहकार विजय धमीजा ने आए हुए सभी अतिथिगणों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गांववासियों

**शुभारंभ**

**8 ग्राम पंचायत निगदू के सरपंच जितेन्द्र अरोडा उर्फ मोन्टू एवं सभी ग्राम पंच और गांव के गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की**

ने भगवान श्रीराम की लीला का आंनद उठाया तो वहीं उनके बताए हुए मार्ग पर चलने की प्रेरणा ली। इस मौके पर गांव के पंच रिंकल राणा, रामकिशन, रजत, सुभाष चन्द डोडा, जनमेजय नम्बरदार, कुलदीप मिस्त्री, शीशपाल शर्मा, मा.अशोक तेहरी, ओमबीर राणा, कश्यप चौपाल निगदू के प्रधान सोनू कश्यप, सूरज कश्यप, मां दुर्गा देवी मंदिर कमेटी निगदू के प्रधान डॉ. कर्ण सिंह, जसपाल राणा, विजय गुप्ता, रामनिवास गुप्ता, रामकुमार वर्मा, पवन शर्मा, जसवन्त राणा को न्यू रामा डामैटिक कल्ब द्वारा स्मृति चिहन भेंटकर सम्मानित किया गया।

## योग में ध्यान का बहुत अधिक महत्व : दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** योग गुरु दिनेश गुलाटी मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग के प्रचार प्रसार के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।
वे 18 वर्षों से लगातार योग की कक्षाएं चला रहे हैं। इसी के अंतर्गत उन्होंने पार्क एनक्लेव सेक्टर तेरह पार्क नंबर-2 में योग साधकों को योग का प्रशिक्षण दिया।
उन्होंने साधकों को योग की हर क्रिया से अवगत करवाया, जिसमें सूक्ष्म व्यायाम, आसन, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ध्यान आदि शामिल रहे। उन्होंने योग की बारीकियों से अवगत करवाते हुए बताया कि योग में ध्यान का बहुत



अधिक महत्व है। योग धीरे-धीरे मनुष्य को आत्म चिंतन और आत्म अवलोकन की ओर ले जाता है। ध्यान के द्वारा हम अपनी मानसिक स्थिति को बेहतर बनाते हैं। योग द्वारा धीरे-धीरे हम अध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर होते हैं। दिनेश गुलाटी ने कहा कि सूक्ष्म क्रिया और आसन से हमारा शरीर ऊजार्वान बनता है और शरीर के हर जोड़ में लचीलापन आता है। प्राणायाम से हमारे आंतरिक अंग मजबूत बनते हैं और हमारी आंतरिक शक्ति बढ़ती है।
कक्षा में पार्क एसोसिएशन के प्रधान सुखमिंदर मनोचा, सचिव राजेश ग्रोवर, नीरज खुराना, प्रमोद गुप्ता, रूपम चौधरी, शैलेंद्र नंदवानी, आशु नंदवानी, विजय आनंद, शशि पांधी, पंकज अनेजा, सुदीप दीवान, पारस आनंद, महिला विंग की अध्यक्षा सुजाता पांधी, सचिव कविता चौधरी, पूनम वाधवा, रितु वाधवा, कविता भारती, दीपिका खुराना, सुनीता आनंद, सुनंदा दीवान, रजनी मनोचा, श्रुति गर्ग और सुषमा गुलाटी मौजूद रहे।

## पराली प्रबंधन को लेकर किसानों को किया जाए जागरूक: अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि फसल अवशेष विशेषकर पराली को लेकर सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई गई हैं, जिनका किसानों को लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि फसल अवशेषों को नष्ट नहीं करते हुए किसानों को उनका समुचित प्रबंधन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तकनीक के इस युग में अब फसल अवशेष परेशानी ना होकर कमाई का साधन बनता जा रहा हैं और बहुत से किसान व लोग अब फसलों के अवशेष से लाखों रुपए भी कमा रहे हैं। तकनीक के माध्यम से फसलों के अवशेषों का कई प्रकार से प्रयोग किया जा रहा है। ऐसे में किसान फसल अवशेष प्रबंधन करके आत्मनिर्भर बन सकते हैं।
उन्होंने कहा कि कोई किसान पराली जलाते हुए पाया जाता है, तो ऐसे किसान के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए फसल अवशेष का प्रबंधन पहले काफी बड़ी परेशानी होती थी लेकिन अब सरकार द्वारा भी फसल अवशेष प्रबंधन के लिए प्रति एकड़ 1 हजार रुपये की राशि परोत्साहर के रूप में दी जाती है। उन्होंने कहा कि फसलों के अवशेष को खेतों में जलाने से ना केवल उस जमीन को नुकसान होता था बल्कि पर्यावरण भी प्रदूषित होता है।

## इंटर डिस्ट्रिक्ट जंप रोप प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** निजी पब्लिक स्कूल सोनीपत में समापन इंटर डिस्ट्रिक्ट जंप रोप प्रतियोगिता का समापन बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया।
हरियाणा जंप रोप संघ के महासचिव वीर सिंह आर्य जी ने बताया कि इस जंप रोप प्रतियोगिता? मे रोहतक, पंचकूला ,पानीपत ,रेवाड़ी ,झज्जर , हिसार और सोनीपत के खिलाड़ियों ने 350 खिलाड़ियों ने इसमें हिस्सा लिया और अपना दम खम दिखाते हुए जंप रोप की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया । इसमें प्रथम स्थान पर रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान पर केडी इंटरनेशनल स्कूल खरखौदा और तीसरे स्थान पर श्री राम पब्लिक स्कूल पाई व ओम बॉक्सिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने अपना कब्जा जमाया। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सोनीपत शहर के विधायक सुरेंद्र पवार जी,अध्यक्षता कर रहे रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डॉ प्रवीण गुप्ता



जी, कोऑर्डिनेटर डेजी गुप्ता व रजनीकांत आजाद , दिनेश कपूर वरिष्ठ अथिति आदि ने इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए खेल में किसी भी प्रकार की द्वेष भावना नहीं होनी चाहिए। खेल शरीर के साथ-साथ मानसिक विकास भी करता है जिससे खिलाड़ी आगे जाकर अपने मां-बाप का, अपने जिले का और अपने देश का नाम रोशन करता है आज खेल जंप रोप दिन-प्रतिदिन आगे बढ़ता जा रहा है, रस्सी कूदना शरीर के लिए बहुमूल्य हो गया है। वीर सिंह आर्य जी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिन खिलाड़ियों ने प्रथम और दूसरे स्थान हासिल किये है वे खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता जो की आंध्र प्रदेश में 13 से 19 अक्टूबर को आयोजित होगी उसमें हरियाणा की टीम की तरफ से हिस्सा लेगे । समापन समारोह के मुख्य अतिथि तरुण देवदास व कुलदीप शर्मा ने इस प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर उनको सम्मानित किया और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया इस मौके पर मौजूद रेफरी की भूमिका निभा रहे सुमन राठी,ज्योति शर्मा,कपिल हुड्डा, हिमांशु ,विकास राजपूत,हेमंत, दक्ष ,रिया ,साक्षी रोहिल्ला ,विकास ,दीप्ति और मिशा रहे इस मौके पर जंपरों के खिलाड़ियों ने जंप रोप का डेमो दिखाकर सभी लोगों को हैरतअंगेज किया और सबसे शानदार प्रदर्शन ओपनिंग उद्घाटन समारोह पर स्कूल की तरफ से आर्केस्ट्रा पेश किया जिससे देश के क्रांतिकारियों के बारे में धुन बजाकर लोगों के रोंगटे खड़े कर दिए और साथ ही उन्हें मंत्र मुग्ध भी किया।इस मौके पर स्कूल के फिजिकल टीचर विनीत दहिया जी ने सभी आए हुए व्यक्तियों का धन्यवाद किया और एक सफलतापूर्वक आयोजन करके समाज में खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## न्यूज फ्लैश

### हल्का पानीपत ग्रामीण चंदौली खोतपुरा परिवार जोड़ो अभियान मे जनता बोली अब नेता नहीं, समाज सेवक चाहिए: सुखबीर सिंह मलिक



**पानीपत/कमाल हुसैन** आम आदमी पार्टी संयोजक एवं दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आदेश अनुसार हरियाणा मैं सरकार बनाने के लिए हरियाणा में परिवार जोड़ो अभियान की शुरूआत की गई हैं । अभी तक हल्का पानीपत ग्रामीण में 43गांव और 52 कॉलोनिया में डोर 2 डोर कैंपेन कर चुके हैं। डॉगी लगभग हल्का ग्रामीण क्षेत्र का 80% से अधिक होता है। आम आदमी पार्टी प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी सुखबीर मलिक ने आज पानीपत ग्रामीण विधानसभा की गावँ चंदौली और खोतपुरा मे डोर टू डोर कैंपेन किया हल्का पदाधिकारी के साथ मिलकर घर-घर जाकर आम आदमी के मूलभूत सुविधाओं पर बारीकी से चर्चा कर रहे हैं। जिला सचिव देवन सलूजा, प्यारेलाल गुप्ता, शीश पाल ने खोतपुरा डोर टू डोर अभियान किया। चर्चा हर घर मे बिजली, हर घर शिक्षा और हर घर मे स्वास्थ्य परिवार महिला सुरक्षा एवं बेरोजगारी पर रही। मूलभूत सुविधाएं सभी के लिए अनिवार्य होनी चाहिए जो कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर उपलब्ध होगी। सुखबीर मलिक ने बताया जनता खुद ब खुद दिल्ली और पंजाब के बारे में चर्चा करती दिखी। हर घर में बिजली शिक्षा और स्वास्थ्य मैं होनी चाहिए जिस पर जनता ने सहमति जताई। 2024 में आम आदमी पार्टी की सरकार आना तय ये पूरी तरह जनता के हाथ में है जो की स्पष्ट दिख रहा है। सैकड़ो व्यक्तियों ने नाम और नंबर देकर अपनी रुचि दिखाई। आम आदमी पार्टी को पसंद किया और ज्वाइन किया। इस मौके पर प्रदेश जॉइंट्स सेक्रेटरी राज कुमार मुंडे, देवेंन सलुजा, प्यारेलाल गुप्ता कृष्ण मलिक,राजेंद्र राठी शीशपाल, वीरेंद्र आर्य ,कर्मबीर जाटल, राजबीर किसान, मुकेश शर्मा ,राजवीर सिंह व बहुत से अन्य साथी शामिल हुए।

### लयैया बिरादरी की सांय काल रामलीला की समिति ने किया हवन यज्ञ



**पानीपत/कमाल हुसैन** लैयया बिरादरी द्वारा मंचित सायंकाल रामलीला में अदबुध मंचन किया जाता है ।ये रामलीला शहर में सबसे पुरानी रामलीला है ।ये शब्द लैय्या बिरादरी के कार्यकारी प्रधान गजेंद्र सलूजा ने रामलीला समिति द्वारा किए गए यज्ञ हवन के उपरांत उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहे। गजेंद्र सलूजा ने कहा की हमे प्रभु श्री राम के जीवन चरित्र को आत्मसात करे । जीवन में सचाई तथा ईमानदारी को धारण करे। पंडित युद्धुष्ठिर ने वैदिक मंत्रों से हवन यज्ञ किया ।आज से हानुमान स्वरूपों ने व्रत आरंभ किए।। इस अवसर पर प्रधान। परमवीर ढींगड़ा,जगदीश शर्मा,तुषार पहावा ,योगेश शर्मा , सागर शर्मा, सत्यम आहूजा,गौतम चराया,मंजू अरोरा, जोगिंदर गंभीर जगी, नीरज, यतिन गंभीर, जगदीश चराया, लक्की अरोड़ा तथा ईश्वर शर्मा मोजूद रहे।

### शौच के लिए सड़क किनारे उतारा गाड़ी चालक, अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत

**सोनीपत: राई** थाना क्षेत्र के केएमपी सड़क मार्ग पर टोल प्लाजा जाखौली के पास तेज रफ्तार वाहन चालक ने शौच करने के लिए गाड़ी से नीचे उतरे चालक को चपेट में ले लिया। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे उपचार के लिए अस्पताल में गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रेफर कर दिया।

# डोमेस्टिक एयरपोर्ट: विज का जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अम्बाला में डोमेस्टिक एयरपोर्ट के शिलान्यास की तारीख 15 अक्टूबर तय होने पर अम्बाला में जश्न का माहौल है। विभिन्न बाजार एसोसिएशनों के अलावा व्यापारिक एवं अलग-अलग संगठनों के पदाधिकारी गृह मंत्री अनिल विज का धन्यवाद जताने के लिए लगातार उनके आवास पर पहुंच रहे हैं। इंडस्ट्रियल एरिया अम्बाला छावनी से कई उद्योगपत्तियों के अलावा, सदर बाजार से दर्जनों व्यापारी, राय मार्केट बाजार एसोसिएशन, तोपखाना से विभिन्न संगठन एवं दुकानदार गृह मंत्री अनिल विज के आवास पहुंचे और एयरपोर्ट की सौगात देने के लिए



उनका धन्यवाद व्यक्त किया। उद्योगपत्तियों व कारोबारियों ने कहा कि गृह मंत्री अनिल विज की बदौलत अम्बाला की शान में अब चार चांद लग गए हैं और जल्द

**अभिनंदन**

**8 द्योगपत्तियों व कारोबारियों ने कहा कि गृह मंत्री अनिल विज की बदौलत अम्बाला की शान में अब चार चांद लग गए हैं**

डोमेस्टिक एयरपोर्ट की शुरूआत होने से अम्बाला की कनेक्टिविटी अब पहले से ज्यादा बेहतर हो जाएगी। उन्होंने कहा जिस कार्य को किसी ने सपने भी नहीं सोचा था वह गृह मंत्री अनिल विज ने धरातल पर करके दिखाया और अम्बाला छावनी की जनता के लिए यह बहुत बड़ी देन है।

वहीं, गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि वह जो कुछ भी कर पाए है वह जनता की दुआओं के बदौलत ही संभव हो रहा है। उन्होंने सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों व सदस्यों से आह्वान किया कि वह 15 अक्टूबर को डोमेस्टिक एयरपोर्ट के शिलान्यास समारोह में वह अवश्य आए और उनकी उपस्थिति उनके लिए मेहनताना के तौर पर कार्य करेगी। इस अवसर पर राय मार्केट एवं व्यापारिक संगठन से जितेंद्र सहगल, जोगिंद्र सिंह, ओम प्रकाश प्रदीप अरोड़ा, संजीव वर्मा, सुखविंद्र सिंह, अशोक, तरणजीत भसीन, प्रदीप चोपड़ा के अलावा इंडस्ट्री एरिया से महावीर जैन सहित कई उद्योग, तोपखाना बाजार क्षेत्र से विनय गोयल, मोहित गुप्ता, विशाल शर्मा, देवेंद्र, नरेश, आकाश, नितेश, पर्व, ऋषभ एवं अन्य मौजूद रहे।

## ऑनलाइन खरीददारी करते समय बरतें सावधानी : एस एस भोरिया

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**पुलिस** अधीक्षक कुरुक्षेत्र सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि साईबर अपराधी अपराध करने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। त्योंहारो के सीजन में विभिन्न कंपनियां अपना सामान बेचने के लिए सेल या अन्य ऑफर देतें हैं। आमजन भी इस सेल/ऑफर का भरपूर फायदा उठातें हैं। ऑनलाइन खरीददारी करते समय बरतें सावधानी बरतना अति आवश्यक है क्योंकि हमारी थोड़ी सी लापरवाही का फायदा साईबर अपराधी उठा सकतें हैं। आमजन जागरुकता से ही साईबर अपराधियों के चंगुल में आने से बच सकते हैं। इसके बावजूद साइबर क्राइम के शिकार होते हैं तो तुरंत साईबर हैल्प लाईन नंबर 1930 पर काल करें।ऑनलाइन खरीदारी करते समय



चैक करें वैबसाइट के यूआरएल में एचटीटीपीएस हो न की खाली एचटीटीपी ।अगर कोई अपरिचित व्यक्ति किसी एप्लीकेशन को डाउनलोड करने के लिए कहता है तो एप्लीकेशन डाउनलोड ना करें। केवाईसी करने के नाम पर आपसे 1 या 10 रुपये आपके ही बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करने के लिए कहता है तो ऐसा न करें।ट्रांजैक्शन करने में असमर्थ होने पर किसी भी अपरिचित व्यक्ति की सहायता ना लें।

## ग्रामवासियों को साईबर सुरक्षा के बारे में किया जागरूक

**सावधान रहे**

**8 ओटीपी किसी से भी शेयर ना करे, और ना ही लालच में आकर अपनी बैंक सम्बन्धी जानकारी न शेयर करें**



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** माननीय अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साईबर हरियाणा ओ.पी. सिहँ के निर्देशानुसार व पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा के कुशल मार्गदर्शन में थाना सदर अम्बाला क्षेत्र गाँव माजरी में साईबर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत गाँव माजरी के ग्रामवासियों को साईबर अपराधों बारे जरूरी जानकारी दी व साईबर अपराधों से बचने के उपाय बताए। इस कार्यक्रम में लगभग 550 ग्रामवासियों ने भाग लिया। साईबर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थितगणों को साईबर थाना निरीक्षक सतविन्द्र कौर, अम्बाला साईबर सैल इन्चार्ज, साईबर एक्सर्पट व प्रबन्धक थाना सदर अम्बाला निरीक्षक यशदीप ने साईबर अपराधो से बचने की विशेष जानकारी दी। जिसमें उन्होने बतलया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की कॉल पर आप अपने बैंक खाता/क्रैडिट/डेबिट कार्ड की जानकारी साझां ना करे। अपने फेसबुक व्हटसप पर टू स्टैप वैरिफिकेशन जरूर लगाये/ अपने फेसबुक/इंस्टाग्राम के अकाउंट को प्राईवेट रखें व ओटीपी किसी से भी शेयर ना करे, और ना ही लालच में आकर अपनी बैंक सम्बन्धी जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति को मोबाईल से सांझा करें। उन्होने कहा कि अपनी जमा पूंजी को सुरक्षित रखने के लिए महीने में एक बार अपने गूग्गलपे, फेसबुक व्हटसप व अन्य ऑनलाईन एप्प का पासवर्ड बदले। आज का युग मोबाईल व इंटरनैट का युग है साईबर अपराधी आपको तरह तरह के लालच देकर आपको अपने झांसे में फसाने की कोशिश करता है जो व्यक्ति साईबर अपराधों बारे जागरूक है वह इन साईबर अपराधियों के झांसे में नही आता व जिस व्यक्ति को साईबर अपराधों बारे जानकारी नही है वह मोबाईल के एक गलत क्लिक से साईबर अपराधियों द्वारा ठगा जाता है।

## डेंगू का डंक- तीन दिनों में दस मरीज आए सामने

**सोनीपतः** जिले में डेंगू, मलेरिया का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। शनिवार को मिली रिपोर्ट में एक डेंगू बुखार से ग्रस्त मरीज की पुष्टि हुई है। वहीं तीन दिनों में दस मरीज डेंगू बुखार से ग्रस्त सामने आ चुके है। जिसके बाद से जिले में डेंगू बुखार से ग्रस्त मरीजों को आकड़ा 212 पहुंच गया है। वहीं मलेरिया बुखार से ग्रस्त मरीजों का आकड़ा 12 पहुंच गया है। विभाग की तरफ से लोगों को जागरूक करने व लारवा चेक करने की प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है। विभाग की तरफ से मंदिरों में लॉड स्पीकर व निगम की कुड़ा उठाने वाली गाड़ियों पर जागरूकता संदेश चलाएं जा रहे है।

## गर्ल्स 100 मीटर रेस में अंडर-14 में फरुखा खालसा की कीर्ति ने जीता गोल्ड

### अंडर-18 100 मीटर गर्ल्स रेस का गोल्ड शेमफोर्ड स्कूल की अशंलिका ने जीता

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
खेलो निसा-2023 प्रतियोगिता के दूसरे चरण में सरस्वती विद्या निकेतन स्कूल में एथलेटिक्स प्रतियोगिता हुई। इसमें गर्ल्स 100 मीटर में अंडर-14 रेस में फरुखा खालसा की कीर्ति ने गोल्ड मेडल जीत लिया। वहीं अंडर-18 100 मीटर गर्ल्स रेस का गोल्ड शेमफोर्ड स्कूल की अशंलिका ने जीता।
**अंडर-18 गर्ल्स प्रतियोगिता का रिजल्टः** एथलेटिक्स में अंडर-18 गर्ल्स 100 मीटर रेस में प्रथम स्थान शेमफोर्ड स्कूल की अशंलिका को मिला। दूसरा स्थान एलएमजेपीएस की मानवी को



तीसरा स्थान मिकी मॉडल की जिया को हासिल हुआ।
इसी आयु वर्ग में 200 मीटर में एलएमजेपीएस की जसलीन कौर को गोल्ड, मिकी मॉडल स्कूल की नताशा को सिल्वर और फारुखा खालसा स्कूल की मुस्कान को ब्रॉन्ज मेडल मिला।
अंडर-18 गर्ल्स 400 मीटर रेस में स्वर्ण एलएमजेपी की रिशिका को, रजत मिकी मॉडल की कनिका को और कांस्य पदक एसवीएन स्कूल की कोमल को मिला।
अंडर-18 गर्ल्स 400 मीटर रिले रेस मे गोल्ड मिकी मॉडल स्कूल की नताशा, जिया, कनिका और प्रिंसी की टीम को मिला। सिल्वर पदक एलएमजेपीएस की मानवी, अर्शिता, रिशिका और जसलीन कौर की टीम को मिला। ब्रॉन्ज मैडल एंजल पब्लिक स्कूल की रिति, मानवी, नवनीत, साइना को हासिल हुआ।
अंडर-18 लांग जंप में मिकी मॉडल की प्रिंसी पहले स्थान पर, फारुख खलसा स्कूल की अंजली दूसरे स्थान पर, एसएस लिटिल स्कूल की गरिमा तीसरे स्थान पर रही।
अंडर-18 गर्ल्स शार्ट पुट में मिकी मॉडल की कोमल प्रथम, ओपीएस की सवि दूसरे स्थान पर और एलएमजेपीएस की अर्शिता तीसरे स्थान पर रही।
अंडर-14 गर्ल्स 100 मीटर रेस में फारुखा खालसा स्कूल की कीर्ति को गोल्ड, ओपीएस की मेहर को सिल्वर और शेमफोर्ड स्कूल की शर्गुन को ब्रॉन्ज मेडल मिला।
अंडर-14 गर्ल्स 200 मीटर रेस सिग्नस स्कूल की आंचल को स्वर्ण, स्कालर्स स्कूल की महक प्रीत को रजत और शेमफोर्ड स्कूल की निष्ठा को कांस्य पदक हासिल हुआ।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लगाया एनीमिया जांच शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला अम्बाला को एनीमिया मुक्त बनाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोहन डी.ए.वी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी विद्यालय अम्बाला शहर में एनीमिया मुक्त अभियान के अंतर्गत निदेशक स्वास्थ्य सेवायें हरियाणा व सिविल सर्जन अम्बाला डॉ. कुलदीप सिंह के मार्गदर्शन में ऐनिमिया जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में हीमोग्लोबिन टेस्टिंग की गई व सभी उपस्थित बच्चों और उनके अभिभावकों को एनीमिया से बचाव सम्बन्धित जानकारी दी गयी। इस शिविर में उपस्थित बच्चो और उनके अभिभावकों का खून जांच करने क



बाद उचित उपचार भी बताया गया। यहां यह जिक्र करना जरूरी है शिविर में खून जांच करवाने वाले का हीमोग्लोबिन कैलोरीमीटर व डराबकिन सोलुशन से किया गया जोकि विज्ञान अनुसार एक गोल्ड स्टैंडर्ड माध्यम माना जाता है। इस एनीमिया शिविर में लगभग 254 लाभार्थियों का हीमोग्लोबिन एस्टीमेट किया गया जिस में से 54 प्रतिशत

**जागरूक किया**

**8 सभी उपस्थित बच्चों और उनके अभिभावकों को एनीमिया से बचाव सम्बन्धित जानकारी दी गयी**

लाभार्थी ऐनेमिक पाए गए। सभी ऐनेमिक लाभार्थी माइल्ड (माइल्ड) या मॉडरेट (मॉडरेट) श्रेणी में पाए गए जिनकाउपस्थित चिकित्सों द्वारा मौके पर ही उपचार दिया गया। हीमोग्लोबिन जांच क साथ साथ सभी उपस्थित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की नेत्र जांच भी की गयी और उनको उचित सलाह व उपचार बताया गया।

## युवती के खाते से हजारों रुपये की नकदी निकाली

**सोनीपतः सेक्टर-27** शहर थाना सोनीपत में युवती को झांसे में लेकर खाते से हजारों रुपये की नकदी निकालने के आरोप का मामला सामने आया है। युवती ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ठग तक पहुंचने के लिए साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।
सेक्टर-15 निवासी अंजू कौशिक ने बताया कि उसका इंडियन बैंक में सेविंग खाता है। उसके पास किसी का फोन आया। उसे झांसे में लेकर मोबाइल फोन पर एनी डेस्क ऐप डाउनलोड करवाया लिया।

## हेल्थ टीम ने डेंगू से बचाव हेतु दयालपुर व समसीपुर के ग्रामीणों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए रविवार को हेल्थ टीम ने गांव दयालपुर और समसीपुर में घर घर जाकर लोगों को मलेरिया और डेंगू के बारे में अवगत कराया। साथ में दयालपुर के सरपंच से मिलकर गांव में फॉगिंग करवाई और सरपंच समसीपुर हरजिंदर से मिलकर फॉगिंग करवाने को कहा । हेल्थ सिम में ग्रामीणों को डेंगू के प्रति सचेत करते हुए कहा कि सभी ग्रामीण साफ सफाई का विशेष ध्यान दें और अपने घरों के पास किसी भी प्रकार का पानी खड़ा ना होने दे। उन्होंने बताया कि घरों के



पास कई दिनों तक पानी खड़ा होने से उनमें डेंगू के मच्छर पैदा हो जाते हैं जो जनजीवन को नुकसान पहुंचाते हैं इसलिए साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर स्वाथ्य कर्मचारी भूपेंद्र चहल , मंजू एएनएम, निर्मल एएनएम ,सिमरन सीएचओ और सरपंच सीमा धर्मपत्नी सुरेश और सरपंच हरजिंदर सिंह मोजूद रहे।

## नि:शुल्क हेल्थ चेकअप व आंखो के कैम्प में 245 लोगों ने करवाई जांच

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/बाबैन (दलबीर मलिक)** नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा रविवार को बाबैन के गोगा माड़ी में निःशुल्क हैल्थ चेकअप कैम्प व निःशुल्क आंखो का जाँच शिविर लगाया गया। जिसका शुभारंभ नेता संदीप गर्ग द्वारा किया गया। कैम्प में भारी संख्या में लोगों ने अपने स्वास्थ्य व अपनी आंखों की जांच करवाई। बाबैन वासी मनोज धवन, प्रेम चंद, गुड्डी, किरण, सुनीता, सुदेश, बनारसी दास, रघुबीर, शीशपाल ने कहा कि जो नेता संदीप गर्ग द्वारा हल्के के प्रत्येक गाँवों में लोगों के स्वास्थ्य को देखते



हुए हैल्थ चेकअप कैम्प लगाए जा रहे हैं इससे ज्यादा सराहनीय कार्य कोई हो नहीं सकता। उन्होंने कहा कि सभी को समाजसेवी संदीप गर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाहिए और जो वह सामाजिक कार्य कर रहे हैं उसमें अपनी भागीदारी जरूर निभानी चाहिए। वहीं नेता संदीप गर्ग ने कहा कि सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य की तरफ ध्यान देना चाहिए और जो यह नि शुल्क हेल्थ कैम्प लगते हैं इनमें जाकर अपने स्वास्थ्य की जाँच अवश्य करवानी होनी चाहिए।

## गांव कैंथला खुर्द में गलियों को पक्का करने का निर्माण कार्य प्रगति पर

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र** (दलबीर मलिक) हरियाणा प्रदेश में शहरों की तर्ज पर ग्रामीण इलाकों में विकास के कार्य तीव्र गति से आगे बढ़ रहे हैं ।कुरुक्षेत्र के निकटवर्ती गांव कैंथला खुर्द के सरपंच सरदार बलदेव सिंह सैनी ने मनोहर सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार शहरों की तर्ज पर गांव में मूलभूत सुविधाएं देने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने बताया कि मनोहर सरकार चाहती है कि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाएं पहुंचे ताकि सभी का कल्याण हो



सके। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से गांव में मूलभूत सुविधाएं पूरी करने के लिए खूब ग्रांट दी जा रही हैं

**तारीफ**

**8 शहरों की तर्ज पर गांव में मूलभूत सुविधाएं देने में मनोहर सरकार निभा रही है अग्रणी भूमिका: बलदेव सैनी**

जिसकी वजह से गांव में पक्की गलियां, बेहतर पानी की सुविधा, बिजली की व्यवस्था, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं ,बच्चों के लिए विद्यालयों में अच्छी शिक्षा एवं ग्रामीण बच्चों के लिए खेलों की बेहतरीन व्यवस्था की जा रही है ।सरपंच बलदेव सिंह सैनी ने कहा कि गांव कैंथला खुर्द की कच्ची गलियों को पक्का करने का कार्य प्रगति पर है। सरकार द्वारा भेजी गई ग्रांट का गांव को खूब फायदा पहुंच रहा है ।गांव के लोग मनोहर सरकार की कार्यशैली से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि गांव में लोगों को बेहतरीन मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी इस और ग्राम पंचायत का ग्राम वासियों के सहयोग से भरपूर प्रयास रहेगा। इस अवसर पर सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी के अतिरिक्त सेवा सिंह,हंस राज, रामकिशन,राजेन्द्र सिंह,विजय कुमार,सलीन्द्र सिंह, गुरदेव सिंह सैनी, स्वर्ण सिंह,सोहन सिंह,सुरेश कुमार,धर्मेन्द्र इत्यादि उपस्थित थे।

# प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ने किया अच्छा प्रदर्शन: देवेन्द्र यादव





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेशन** फर्स्ट फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित चौधरी न्यादर सिंह मेमोरियल ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के आखिरी दिन सुबह क्रॉस कंट्री का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जहाँ 7.2 किलोमीटर की दौर में पुरुष वर्ग में अश्विन (136) ने 25.59 मिनट में पुरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

दूसरे स्थान पर पंकज (245) व तीसरे स्थान पर अमित (53) रहे। वहीं महिला वर्ग में निशा (89) ने 26.59 मिनट में पुरा कर प्रथम स्थान हासिल कर विजेता बनी। दूसरे स्थान पर प्रीति (44) रही, वहीं तीसरे स्थान पर नीतू (84) रही। क्रिकेट के फाइनल मैच कादीपुर क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया। जिसमें भोरगढ नरेला ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवर में 3 विकेट के नुक्सान पर 194 रन बनाया। वहीं बवाना की टीम ने बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवर में 6 विकेट के नुक्सान पर 133 रन ही बना सकी। जिससे भोरगढ नरेला ने 61 रनो से फाइनल मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच शक्ति रहे। जिसने शानदार बैटिंग करते हुये 32 गेंद में 61 रन बनाया। कबड्डी के मैच के पहले सेमी फाइनल नरेला अ बनाम दादा मालदेव पालम के बीच खेला गया जिसमे नरेला अ ने जीतकर फाइनल में जगह बनाया। वहीं दूसरा मैच नरेला ब बनाम कै के बीच खेला गया। जिसमे कैर ने शानदार जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाया। कबड्डी का फाइनल मैच नरेला अ बनाम कैर के बीच खेला गया। जिसमें कैर की टीम ने 26-48 से फाइनल जीत लिया। फुटबॉल के मैच का फाइनल बवाना एवं हैदरपुर के बीच खेला गया। जिसमें बवाना ने 3-0 से फाइनल मैच जीत लिया। नेशन फर्स्ट फाउंडेशन के संस्थापक देवेंद्र यादव ने सभी विजयी टीम के खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि चौधरी न्यादर सिंह यादव ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में खेलने वाले लगभग सभी खिलाड़ी ग्रामीण पृष्ठभूमि से है। जिन्होंने अभी तक के खेल में अपना-अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी-अपनी टीम को जीत दिलाया, अभी तक हुये सभी खेलों में सभी हारे जीते टीमो ने बेहतर खेल भावना के साथ खेल खेला है।

# समाज मेरा परिवार, इसके लिए हमेशा कार्य करता रहूंगा: पम्मा









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेशनल** अकाली दल दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष कुलदीप सिंह मारवाह की ओर से एनएडी दिल्ली रतन अवार्ड-2023 का आयोजन पश्चिमी दिल्ली के ग्रांड इम्पायर बैंक्वेट में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा, डॉ आर एन कालरा सीईओ एवं चिकित्सा निदेशक कालरा हॉस्पिटल, ओबीसी आयोग दिल्ली सरकार और राष्ट्रीय अध्यक्ष ओबीसी एससी/एसटी और अल्पसंख्यक, अध्यक्ष जगदीश यादव, जीके भारती अधिवक्ता सर्वोच्च भारत की अदालत और दिल्ली उच्च न्यायालय डॉ. आचार्य जीतू सिंह वैदिक ज्योतिष में पीएचडी अतिथि भावना धवन, सतपाल सिंह मंगा, डॉ बीना ग्रोवर, बिंदिया मल्होत्रा, राजेश चौहान, जय सिंह कटारिया, विक्रांत मोहन सहित अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ज्योति आहूजा, मेनका तुषामड व सलोनी ने बेखुदी किया और सुरेखा रॉबिन व रोहन ने गीत गाकर तो चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व कुलदीप सिंह मरवाहा ने बताया आज एनएडी दिल्ली रतन अवार्ड से 51 हस्तियों को सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले डॉक्टर, समाजसेवी कलाकार, गायक व वकीलों को सम्मानित किया गया। पम्मा ने कहा नेशनल अकाली दल का मकसद कोई राजनीति नहीं है। समाज को जोड़ना है वह धरने प्रदर्शन व लोगों की समस्याओं को उठाने के साथ-साथ जो लोग समाज के हित के लिए कार्य करते हैं, उनको सम्मानित भी करते हैं। इस अवसर पर डॉक्टर कॉलरा ने कहा, परमजीत सिंह पम्मा हमेशा लोगों की सहायता के लिए बढ़ चढ़कर कार्य करते हैं।

## महेन्द्रा पार्क: सभी को करना चाहिए पौधारोपण: दीपक डडवाल



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली के** प्रसिद्ध योग गुरू व समाजसेवी दीपक डडवाल ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए, क्योंकि पौधारोपण बहुत ही ज्यादा जरूरी है।

दीपक डडवाल ने आगे कहा कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण अवश्य ही करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है। उन्होंने आगे बताया कि गरीब व असहाय की सेवा करना एक पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम असहायों व गरीबों की सहायता करें। जिससे की गरीब व्यक्ति को भी परेशान न होना पड़े।



त्रीनगर वार्ड में आयोजित मासिक सुंदरकांड पाठ के दौरान निगम पार्षद मीनू गोयल व अन्य।

## दयानंद वत्स ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर अर्पित किये श्रद्धा सुमन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल भारतीय** स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री दयानंद वत्स भारतीय ने संघ के मुख्यालय बरवाला में भारत रत्न स्वर्गीय जयप्रकाश नारायण 44वीं पुण्यतिथि पर उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में दयानंद वत्स ने कहा कि संपूर्ण क्रांति के योद्धा सदियों में एक बार जन्म लेते हैं। उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व करिश्माई था। उनकी नेतृत्व क्षमता गजब की थी और उन्होने जो कार्य किए उनकी पुनरावृत्ति अब लगभग असंभव है क्योंकि क्रांति वीर अब पैदा नहीं होते। लोकतंत्र की रक्षा के लिए आपातकाल का विरोध करने के लिए किया गया। उनका संपूर्ण क्रांति का उद्घोष आज भी युवाओं में नई उर्जा का संचार करता है।



जहांगीरपुरी वार्ड में जनता की समस्याओं को सुनते हुए आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा। साथ में है आप कार्यकर्ता।

# न्यू सीनियर सिटीजन ने धूमधाम से मनाया अपने सदस्यों का जन्मदिन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रमुख सामाजिक संस्था** न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ने रविवार को अपने 11 सदस्यों के जन्मदिन के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर सभी 11 सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया।

संस्था द्वारा सभी सदस्यों को माल्यार्पण कर, सुंदर उपहार भेंटकर सदस्यों का जन्मदिन की बधाई दी, और उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। इस अवसर पर न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे। मंच संचालन महावीर गुप्ता ने किया। बाहरी दिल्ली के नरेला में रेलवे रोड़ स्थित नंदीमल धर्मशाला में प्रमुख सामाजिक संस्था न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन (रजि.) द्वारा रविवार को हर माह की भांति इस बार भी अपने संस्था सदस्यों के जन्मदिन के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर अपने 11 सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर न्यू सीनियर सिटीजन के पदाधिकारियो ने शिवदत्त शर्मा, गजराज सिंह खत्री, हरि प्रकाश अत्री,गुलाब शर्मा, शिवचरण, श्रीनिवास गुप्ता, मधु, सुरेश चंद्र, पुष्पलता, शकुंतला देवी मंगला, रविंद्र मोहन गर्ग के जन्मदिन के अवसर पर माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ, सुंदर उपहार भेंट कर उनको जन्मदिन की बधाई दी। और ईश्वर से उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। संस्था महासचिव महावीर प्रसाद गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा हर माह भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर उस माह में पडने वाले संस्था सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ सामूहिक रूप से मनाया जाता है। आज के कार्यक्रम में भी संस्था के 11 सदस्यों का जन्मदिन पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। संस्था के प्रधान कृष्ण कुमार बंसल ने सभी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि मैं पूरी संस्था की तरफ से सभी को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। और ईश्वर से उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना करता हूं।

कार्यक्रम पश्चात संस्था की ओर से सभी के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में प्रधान कृष्ण कुमार बंसल, महासचिव महावीर गुप्ता, कोषाध्यक्ष विद्यासागर बंसल, शिवचरण गुप्ता, गजराज सिंह सहित सभी सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे।



# एकॉर्ड अस्पताल ने एफसीसीआई के लिए जारी किए प्रिविलेज कार्ड

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** इंडस्ट्रीज एसोसिएशन फरीदाबाद चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल की तरफ से आयोजित स्वास्थ्य संगोष्ठी में भाग लिया। इस दौरान अस्पताल की तरफ से उन्हें प्रिविलेज कार्ड वितरित किए गए। जिससे की वे और उनके परिजन किफायती स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकें। पिछले कुछ महीनों में शहर के दो बड़े इंडस्ट्रियलिस्ट की आकस्मिक मृत्यु ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ा दिया है। गौरतलब हो कि इंडस्ट्रियलिस्ट



रोजगार के जनक भी है और सरकार को उन्हें बढ़ावा देना चाहती है। इन लोगों का और उनके परिवार का स्वस्थ रहना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना की किसी भी व्यक्ति का। इस मौके पर अस्पताल कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता ने कहा कि हार्ट अटैक से बचने के उपाय बताए। नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र कुमार ने कहा कि किडनी की बीमारी साइलेंस होती है। इस कारण लोग नजरअंदाज करते रहते हैं। इसलिए सभी को प्रो-एक्टिव होकर अपनी हेल्थ के किडनी को जरूर हिस्सा बनाना चाहिए और क्रिएटिनिन का मामूली बढ़ा होना या यूरिन में प्रोटीन का आने पर एक बार किडनी रोग विशेषज्ञ को जरूर दिखा लें। जिससे की बीमारी को शुरू में ही ठीक किया जा सके। न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता ने स्ट्रोक से बचाव और पैरालिसिस का अस्पताल में उपलब्ध अत्याधुनिक तकनीक से इलाज की जानकारी दी। ज्वाइंट रिप्लेसमेंट डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. युवराज कुमार अस्पताल में उपलब्ध नई रोबोट तकनीक से घुटना ट्रांसप्लांट की जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने कहा की आज कल जमाना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग का। इसलिए टेक्नोलॉजी बहुत तेजी से बढ़ रही है। जॉइंट रिपलेसमेंट कन्वेंशनल तरीके से बहुत समय से होता आ रहा है। फिर कंप्यूटर नेवीगेशन तकनीक आई। फिर रोबोटिक सर्जरी। अब इसमें भी एडवांस रोबोट आ गए है, जिसे एकॉर्ड ने अमेरिका से खरीदा है। जिससे ऑपरेशन के अनेक फायदे हैं। एफसीसीआई के अध्यक्ष एचके बत्रा ने कहा कि जागरूक होने का मतलब डरना नहीं है। उन्होंने कहा कि वह और उनकी इंडस्ट्री के सभी लोगों को जागरूक करना का उन्होंने वचन दिया।

## जूडो चैंपियनशिप में एसआरएस स्कूल की छात्राओं ने जीते मैडल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पानीपत में हुई महात्मा गांधी गोल्ड कप जूडो प्रतियोगिता में फरीदाबाद जिले की टीम ने 15 स्वर्ण सहित कुल 40 पदक जीतकर चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की।

इस चैंपियनटीम में कई विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ शामिल रहे तथा इस विजेता टीम में फरीदाबाद के सेक्टर 88 स्थित एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने भी अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाया। इस चैंपियनशिप में बालिका वर्ग के 33 किलोग्राम के भार वर्ग में भवी चौहान ने कांस्य पदक, 46 किलोग्राम भारवर्ग में सरण्या जैन ने कांस्य पदक और 52 किलोग्राम भारवर्ग में खुशी बिरला ने रजत पदक जीतकर विद्यालय व शहरका नाम रोशन




किया। इस मौके पर एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल के मैनेंजिग डायरेक्टर विनय गोयल, प्रधानाचार्या कृष्णा मिश्रा, मैनेजर तेजप्रकाश पांडे और विद्यालय के सारे स्टाफ ने खिलाडियों की इस सफलता पर खुशी जाहिर की और बधाइयाँ दी हैं। विनय गोयल ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं बल्कि इतिहास रच रही है। उन्होंने कहा कि छात्राओं की इस उपलब्धि की जितनी सराहना की जाए कम हैं। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके अभिभावकों को भी बधाई दी।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस चौकी अंखीर की टीम ने सेक्टर 21-ड की मार्केट में करीब 300 लोगो को साइबर फ्रॉड, और महिला विरुद्ध अपराध के संबंध में किया जागरुक




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सुरजकुण्ड प्रभारी की टीम पुलिस चौकी अंखीर ने अपने एरिया की सेक्टर 21-ड में रहने वाले लोगो को साइबर फ्रॉड, महिला विरुद्ध अपराध और नशा के संबंध में जागरुक किया है। जागरूकता प्रोग्राम में सेक्टर 21ड मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से अनिल अरोड़ा, रणवीर सिंह, डी आर खुराना, प्रमोद शर्मा, नीरू भाटिया, मनीष मित्तल और नीरज शर्मा के साथ मार्केट में उपस्थित लोगों ने भाग लिया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि साइबर फ्रॉड के जागरुकता अभियान के तहत पुलिस चौकी अंखिर इंचार्ज ओमप्रकाश की टीम ने चौकी के एरिया सेक्टर 21 में लोगो को साइबर फ्रॉड, महिला विरुद्ध अपराध और नशा के संबंध में जागरुक करते हुए बताया कि आजकल साइबर अपराधियों ने ठगी के नए-नए रास्ते खोज लिए हैं जिसके तहत वह आमजन के बैंक खातों से उनकी खून पसीने की कमाई चुटकियों में उड़ा लेते हैं। इसके लिए वह अलग-अलग माध्यमों का उपयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी किसी भी प्रकार से आपका बैंक अकाउंट, एटीएम कार्ड नंबर, क्रेडिट कार्ड नंबर, सीवीवी या मोबाइल ओटीपी पूछने का प्रयास करेंगे परंतु आप उनके साथ अपने बैंक अकाउंट क्रेडिट या डेबिट कार्ड से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी साझा करें। उन्होंने बताया कि जागरूक व्यक्ति साइबर अपराधियों को आसानी से पहचान सकता है और उनके झांसे में नहीं आता इसलिए आवश्यक है कि साइबर अपराध के प्रति जागरूक बने और अपने साथियों को भी इसकी जानकारी दें ताकि वह भी साइबर अपराध का शिकार होने से बच सकें। उन्होंने बताया कि कई बार फ्रॉड करने वाला आपके किसी सगे संबंधी का व्हाट्सएप हैक करके व्हाट्सएप कॉल करता है और किसी मजबूरी का कारण बताकर आपसे पैसे ऐंठ लेता है। अगर आपके किसी संबंधी का व्हाट्सएप कॉल आता है या कोई जनरल कॉल आता है तो अपने सगे संबंधी से आपका फोन में से नंबर से बात कर कंफर्म करें। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन नौकरी अतिरिक्त आय, लॉटरी इत्यादि के लालच में न पड़े। ईमेल या व्हाट्सएप पर प्राप्त फर्जी लिंक पर क्लिक न करें जब तक उन पर आप 100% सुनिश्चित न हो। अपने फोन में अनावश्यक एप जैसे एनीडेस्क क्विक सपोर्ट टीमव्यूअर डाउनलोड नहीं करें इससे आपका फोन कोई दूसरा व्यक्ति एक्सेस कर सकता है। व्हाट्सएप पर अनावश्यक या अंजान वीडियो कॉल ना उठाएं क्योंकि यह हनी ट्रैप का मामला हो सकता है जिसमें आपको फंसा कर आपसे पैसों की मांग की जा सकती है। इसके साथ ही पुलिस टीम ने आमजन को टेंपलेट बाटे जिसमें साइबर अपराध से बचाव के तरीकों की जानकारी दी गई थी। अगर कोई सामने स्थिति में दिखता है तो पुलिस के हेल्पलाइन नम्बर डायल 112 पर सूचना दे। अगर आपके साथ साइबर फ्रॉड होता है तो हेल्पलाइन नंबर 1930 सूचना दे। आपकी तुरंत पुलिस के द्वारा सहायता की जाएगी। अगर आपके आस पास कोई व्यक्ति या औरत नशा तस्करी करती है तो नशा तस्करों के बारे में पुलिस को सूचना दे।

## भिवानी में 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते सब इंस्पेक्टर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**

भिवानी में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते सदर थाना भिवानी में कार्यरत सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। विजिलेंस की टीम ने आरोपित को रविवार दोपहर को नागरिक अस्पताल परिसर से गिरफ्तार किया है। ब्यूरो को दी शिकायत में गांव सीसर निवासी धर्मबीर ने बताया कि करीब तीन माह पहले उसके भाई के खिलाफ एक महिला ने दुष्कर्म समेत गंभीर आरोप लगाए थे। इस मामले में उसके भाई सुधीर को करीब पांच दिन पहले ही सदर थाने के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह ने गिरफ्तार किया था।

# पृथला क्षेत्र का संपूर्ण विकास करवाना मेरा लक्ष्य : नयनपाल रावत

**शिलान्यास**

**8 विधायक ने किया गांव बाघोला से सैदपुर तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पृथला विधानसभा क्षेत्र में विकास के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए विधायक नयनपाल रावत ने आज गांव बघोला में बघोला से सैदपुर तक बनने वाले नयी सड़क का शिलान्यास किया, जिससे दोनों गांव का आवागमन सुगम होगा जो पहली बार बनने जा रही हैं। यह सड़क करीब 1.700 किलोमीटर



लम्बी हैं और जो करीब 93.64 लाख से बनकर तैयार होगी और इसके बनने से पहली बार हजारों किसानों को लाभ पहुंचेगा। शिलान्यास समारोह में पहुंचने पर विधायक नयनपाल रावत का फूल मालाओं से ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि पृथला क्षेत्र का संपूर्ण विकास करवाना उनका लक्ष्य है और इसी को लेकर वह सदैव प्रयासरत रहते है। क्षेत्र की जनता ने जिस उम्मीद और विश्वास के साथ उन्हें चुनकर विधानसभा में भेजा है, उस विश्वास पर वह पूरी तरह से खरा उतरते हुए पृथला क्षेत्र की मांग पुरजोर तरीके से विधानसभा में उठाते आ रहे है। श्री रावत ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से आने वाले समय में क्षेत्र में युद्धस्तर पर विकास किए जाएंगे, जिससे इस क्षेत्र की पूरी तरह से कायाकल्प हो जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में पृथला क्षेत्र में इतने विकास कार्य करवाए जाएंगे, जितने विकास कार्य पिछली सरकारों में कभी नहीं हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक नयनपाल रावत के समक्ष गांवों की समस्याएं भी रखी, जिन्हें विधायक ने जल्द दूर करवाने का आश्वासन दिया और गांव के विकास के लिए एक करोड़ की राशि देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर रामनिवास तंवर, तुला राम सरपँच, ललित वशिष्ट सरपँच, अजय डागर सरपँच, नवल पूर्व सरपँच, विजयराम, सुन्दर वशिष्ट, जगदीश पूर्व जिला पार्षद, विक्की, निरंजन मास्टरजी, अभय फौजी, परवीन बघेल, परताप सिंह, बिजेन्दर सिंह, अशोक तंवर, मोहन, निखिल बीसला आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

## 7 वर्ष से लापता 53 वर्षीय व्यक्ति को एनआईटी की टीम ने तलाश कर किया परिजनों के हवाले

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए एनआईटी प्रभारी सुनिता की टीम ने घर से बिना बताए निकले व्यक्ति को तलाश कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है।पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गुमशुदा व्यक्ति 7 जुलाई 2015 को अपने घर से बिना बताए कहीं निकल गया था। उसे समय व्यक्ति की आयु 45 वर्ष थी।

जिसकी परिजनों के द्वारा काफी तलाश की गई नहीं मिलने पर परिजनों द्वारा थाना एनआईटी में



व्यक्ति के गुम होने की सूचना दी गई। जिस पर वर्ष 2015 में मामला दर्ज कर थाना पुलिस व्यक्ति को तलाश कर रही थी। गुमशुदा व्यक्ति के परिजन डीसीपी एनआईटी के ऑफिस में गुमशुदा व्यक्ति के संबंध में पेश हुए थे जिसपर कार्रवाई करते हुए। गुमशुदा व्यक्ति की तलाश के लिए डीसीपी एनआईटी ने अपनी देखरेख में अरकराजकुमार और ऌउ अमित एक टीम नियुक्त की और टीम के द्वारा गुमशुदा व्यक्ति को अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से मुंबई के कल्याण रेलवे स्टेशन से बरामद किया गया है।

## सोनीपत: खरखौदा में ड्रेन नंबर-8 पर युवक की हत्या कर शव जलाया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

सोनीपत मार्ग पर ड्रेन नंबर-8 के रास्ते पर रविवार को एक युवक का शव पड़ा मिला। जलाने का प्रयास किया गया था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया मौके पर एफएसएल की टीम को बुलवाया अब उसकी शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करते हुए शव को सोनीपत भिजवा दिया है।रविवार की सुबह खरखौदा के वार्ड 1 निवासी किसान राजपाल ने पुलिस को सूचना दी कि जब वह घर से खेत की ओर जा रह था तो ड्रेन नंबर आठ के पास कच्चे रास्ते पर उसे एक शव पड़ा हुआ दिखाई दिय, जिसे जलाया गया है।

## पुलिस ने चलाया सफाई अभियान, थाना चौकी और क्राइम ब्रांच में की सफाई

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य द्वारा सभी पुलिस थाना व कार्यालय को साफ सुथरा रखने के दिशा निर्देश के तहत रविवार को फरीदाबाद पुलिस द्वारा सफाई अभियान चलाकर थानों व कार्यालय को में साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने कहा कि साफ-सफाई एक अच्छी आदत है, स्वच्छ पर्यावरण और आदर्श जीवन शैली के लिये हर एक को यह आदत बनानी चाहिये। स्वस्थ शरीर में अच्छे विचारो का उदगम होता है यह प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। हम सब के स्वस्थ जीवन के लिये सफाई अभियान में हमें भाग लेना चाहिये। इसकी शुरूआत हम अपने थाना, पुलिस चौकी ऑफिस आदि को रोज स्वच्छ करने की जरुरत है। 'स्वच्छताइ ही स्वस्थ और शान्तिपूर्ण जीवन का मूल मंत्र है। हमें स्वच्छता को रोज की दिनचर्या में शामिल करना है। जिससे स्वच्छ जीवन का निर्माण हो। हमें साफ सुथरी वर्दी के अलावा अपने आस-पास की स्वच्छता, और कार्यस्थल की स्वच्छता के साथ- साथ पर्यावरण की स्वच्छता पर भी ध्यान देना चाहिए । साफ - सफाई हमारे जीवन की प्राथमिकता होनी



चाहिए है। जहां स्वच्छता है वहा अच्छा स्वास्थ्य है। हमें अपने घर के अलावा आसपास की स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। इधर-उधर कचरा ना फेके, हमेशा कूड़ेदान का प्रयोग करे। स्वच्छता को अपनी जीवन शैली में शामिल करके अपने घर, समाज और राष्ट्र की स्वच्छता को बढ़ावा दे। खुद भी साफ सफाई रखे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। पुलिस आयुक्त के निर्देश के तहत सभी पुलिसकर्मी अपने कार्यालय को साफ रखेंगे साथ ही पेड़ पौधे लगाकर पर्यावरण को भी स्वच्छ रखने का प्रयास किया जाएगा। साफ सफाई अभियान के क्रम में आज फरीदाबाद पुलिस के विभिन्न युनिटो ,थानों चौकियों और कार्यालय में सफाई अभियान चलाया गया।

## ऊपरगामी पुलों से लोगों को मिलेगी जाम से निजात:नरेंद्र गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि ऊपरगामी पुलों से गुरुग्राम जाने वाले फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र वासियों को जाम से निजात मिलेगी विधायक नरेंद्र गुप्ता आज फरीदाबाद के सेक्टर 11 बी ब्लॉक के राम वन पार्क के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ करने पहुंचे थे। इस दौरान विधायक नरेंद्र गुप्ता ने पार्क में धौलपुर पत्थर लगाने के कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि आने वाले समय में फरीदाबाद के लोगों को नया फरीदाबाद देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लगातार



पार्कों का आधार कार्य जारी है और इसी कड़ी में सेक्टर 11 बी के लोगों को दिवाली का तोहफा देते हुए इस पार्क के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया जा रहा है। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने सैक्टर-11 बी आरडब्लयूए काफी सक्रियता से कार्य कर रही है। उन्होंने पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भी बड़ी संख्या से लोगों के भाग लेने पर उनका आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर स्थानीय लोगों ने फूलमालाओं के साथ विधायक नरेंद्र गुप्ता का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर भाजपा जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, मंडलाध्यक्ष नीरज मित्तल के अलावा सैक्टर-11 बी आरडब्ल्यूए के प्रधान देवेंद्र मान, सैक्टर-11 डी ब्लाक के प्रधान विकास चौधरी, टीएच जावला, मूलचंद शर्मा, टीसी पाराशर, एसएचओ जयवीर, सचिव मनोज सिन्हा, पंकज सिक्का, ओपी गोयल, रामकिशन तंवर आदि मौजूद रहे।

## पायलट बन दीपिका अधाना ने बढ़ाया तिगांव का मान-सम्मान : रिंकू चंदीला

**स्वागत**

**8 पायलट बनने पर कांग्रेसियों सहित गणमान्य लोगों ने किया दीपिका अधाना का स्वागत**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** एयर इंडिया में बतौर कमर्शियल पायलट नियुक्त होने पर गांव तिगांव की बेटी दीपिका अधाना को बधाईयां देने वालों का तांता लगा हुआ है। इसी कड़ी में यूथ कांग्रेस के पूर्व लोकसभा अध्यक्ष रिंकू चंदीला, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता जितेंद्र चंदेलिया, गौतम पंडित सहित गणमान्य लोगों ने दीपिका को



उसके निवास पर पहुंचकर स्वागत किया और गुलदस्ता भेंट कर उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी। इस मौके पर रिंकू चंदीला ने कहा कि दीपिका ने यह उपलब्धि हासिल करके न केवल तिगांव बल्कि फरीदाबाद का नाम देशस्तर पर विख्यात किया है और पूरे तिगांव सहित फरीदाबाद के लोगों को इस बेटी पर नाज है।

उन्होंने कहा कि इरादे अगर प्रबल हो तो हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है और ऐसा ही कुछ कर दिखाया है, दीपिका ने, जिन्होंने अपनी मेहनत की बदौलत पायलट तक का सफर तय किया और आज पूरे क्षेत्र को इस बेटी की उपलब्धि पर नाज है। इस मौके पर उपस्थित गणमान्य लोगों ने दीपिका को भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके परिजनों को अपनी बेटी को इस लायक बनाने के लिए उनकी भूरि भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर अनिल राय, तिगांव विधानसभा क्षेत्र से हेतराम अधाना, लिखी अधाना, विनोद कौशिक, जितेंद्र चौरसिया, पिंकी अधाना आदि मौजूद थे। गौरतलब है कि दीपिका ने फरीदाबाद कान्वेंट स्कूल से दसवीं की परीक्षा पास की थी, जबकि टैगोर एकेडमी पब्लिक स्कूल से 12वीं पास की थी। पायलट बनने के लिए उन्हें कैप्टन प्रताप चौहान हेड पायलट ट्रेनिंग सेंटर द्वारका प्रशिक्षित किया और वहीं से उन्होंने परीक्षा उत्तीर्ण की। फ्लाइंग क्लब मध्यप्रदेश से उन्होंने प्रशिक्षण हासिल किया वहीं तुर्की में एयर सर्विस की ट्रेनिंग की। दीपिका के भाई सचिन अधाना एमबीए और आईआईएम कलकत्ता से कर रहे है।

## यातायात पुलिस ने रॉन्ग साइड ड्राइव, ड्रिंक एंड ड्राइव और रॉन्ग पार्किंग करने वाले के काटे चालान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चलाए गए अभियान से एक दिन में 392 वाहन चालकों के चालान काटकर जुमार्ना लगाया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जिसके तहत यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान के तहत 392 वाहन चालकों के चालान काटे



गए जिसमें रॉन्ग साइड ड्राइव के 209, डैंजरस ड्राइविंग 13,ड्रिंक एंड ड्राइव 49 और रॉन्ग पार्किंग 121 वाहन चलाने वाले शामिल है। साथ ही 18 वाहनों को इंपाउंड किया गया है। रॉन्ग साइड ड्राइव- रॉन्ग साइड ड्राइव करने से यातायात बाधित होता है और जिससे जाम लगने की संभावना बढ़ जाती है साथ ही दुर्घटना घटित होने की संभावना भी बढ़ जाती है। इसे अपनी जान को खतरा तो होता ही है साथ ही सामने वाले की जान को भी खतरा हो जाता है।

डैंजरस ड्राइविंग- डैंजरस ड्राइविंग से ड्राइवर खुद तो खतरे में रहता ही है और सामने वाले की जान को भी खतरा हो जाता है। कई बार डैंजरस ड्राइविंग में चलका ड्राइविंग नियंत्रण नहीं रहता और जिसके कारण दुर्घटना हो जाती है या दुर्घटना होने की संभावना बढ़ जाती है।

फास्ट न्यूज

## सीएम हेमंत की मां की तबीयत बिगड़ी

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन का रांची के हिल व्यू अस्पताल में इलाज चल रहा है। शनिवार रात सांस लेने में दिक्कत होने के बाद उन्हें अस्पताल लाया गया था। फिलहाल उनकी स्थिति सामान्य है। संभावना है कि जल्द ही उन्हें अस्पताल से छोड़ भी दिया जाएगा। अभी वो अस्पताल में ही इलाजरत हैं। हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर स्निग्धा रॉय प्रिया ने बताया कि चिंता जैसी कोई बात नहीं है। देर रात उन्हें अस्पताल लाया गया था। रूपी सोरेन को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें चेस्ट इन्फेक्शन की वजह से सांस लेने में समस्या होना बताया है। उनका इलाज हो गया है। अब घबराने जैसी कोई बात नहीं है। स्थिति नियंत्रण में है।

## गोवर्धन पूजा पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा गोवर्धन पूजा पर्व के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार गोवर्धन पूजा के अवसर पर 13 नवंबर 2023 के पूर्व में नवा रायपुर अटल नगर एवं रायपुर शहर में स्थित शासकीय कार्यालय एवं संस्थाओं के लिए घोषित स्थानीय अवकाश को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के फलस्वरूप 15 नवंबर को भाईदूज पर्व के अवसर पर नवा रायपुर अटल नगर तथा रायपुर शहर में स्थित शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया है। यह स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय और उप कोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

## कांग्रेस सरकार आने पर पोर्टलों को किया जाएगा बंद: भूपेन्द्र

**जींद:** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पोर्टल किसानों को एमएसपी व मुआवजे से वंचित करने का हथियार बन गया है। आज मंडियों में धान की खरीद नहीं हो रही है। बाजरा 500, 600, 700 रुपये प्रति क्विंटल कम रेट पर बिक रहा है। पोर्टलों का खामियाजा उन किसानों को भी उठाना पड़ रहा है, जिनकी फसल ख?ाब हो गई। कांग्रेस सरकार आते ही गैर जरूरी पोर्टलों को बंद किया जाएगा। अगामी चुनाव महंगाई, बेरोजगारी, विकास जैसे मुद्दो को लेकर लडा जाएगा। जल्द ही जींद में कांग्रेस समस्त हरियाणा सम्मेलन करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा रविवार को जींद के एसडी स्कूल में कांग्रेस के जन मिलन समारोह से पहले पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर पार्टी प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी उनके साथ मौजूद थे। हुड्डा ने कहा कि भाजपा-जजपा सरकार ने युवाओं को रोजगार, किसानों को एमएसपी, गरीबों को राशन, बुजुर्गों को पेंशन, दलित-पिछड़ों को आरक्षण व नागरिकों को प्रोटेक्शन से वंचित करने का काम किया है। हर वर्ग इस सरकार की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त हैं। आने वाला समय कांग्रेस का है और हरियाणा में पूर्ण बहुमत के साथ पार्टी की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि जींद हरियाणा का दिल है और पूरे हरियाणा को जींद से ऊर्जा मिलती है। जनता की इस ऊर्जा को कांग्रेस जनसेवा के कार्यों को समर्पित करेगी। हुड्डा ने कहा कि मेरी फसल, मेरा ब्योरा पोर्टल में पंजीकरण के नाम पर बड़े गड़बड़झाले हो रहे है।

# राष्ट्रीय एकात्मता के आधार हैं हमारे तीर्थस्थल

### नये भारत की नई आभा को प्रस्तुत कर रहे हैं श्री केदारनाथ और श्री बद्रीनाथ, बहुत अच्छे ढंग से आगे बढ़ रहा केदारनाथ का नव निर्माण : योगी

**नई प्रेरणा**

- आज उत्तराखंड के दोनों तीर्थ श्री केदारनाथ और श्री बद्रीनाथ नये भारत की नई आभा को प्रस्तुत कर रहे हैं



**टीम एक्शन इंडिया/रुद्रप्रयाग**

**हमारे** तीर्थस्थल आस्था के साथ साथ राष्ट्रीय एकात्मता के आधार हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विरासत के प्रति सम्मान का भाव नये भारत की नई आभा को प्रस्तुत कर रहा है। ये बातें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां श्री केदारनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के उपरांत कही। तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे के अंतिम दिन श्री केदारनाथ मंदिर पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सन 2013 में केदारपुरी एक आपदा की चपेट में चुकी थी, लेकिन स्थानीय लोगों के आत्मविश्वास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़संकल्प और उनकी प्रेरणा व मार्गदर्शन से आज उत्तराखंड के दोनों तीर्थ श्री केदारनाथ और श्री बद्रीनाथ नये भारत की नई आभा को प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विरासत के प्रति सम्मान का भाव यही है। लाखों की संख्या में तीर्थयात्री यहां आ रह हैं, यह हमारे लिए एक नई प्रेरणा है। यह एक नये भविष्य की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करती है। समयबद्ध ढंग से मानक की गुणवत्ता को बनाये रखते हुए पूरी तत्परता के साथ यहां कार्य चल रहा है। ये श्रद्धा का उमड़ता हुआ जनसैलाब नये भारत की नई तस्वीर को प्रस्तुत करता है। इसमें दृष्टि और दूरदर्शिता है। इसमें पर्यटन भी है और श्रद्धालुजन की जनआस्था का सम्मान का भाव है। इन सबको समेटे हुए केदारनाथ का नव निर्माण बहुत अच्छे ढंग से आगे बढ़ रहा है।

## केदारनाथ मंदिर में सीएम योगी ने किया दर्शन-पूजन

**टीम एक्शन इंडिया/रुद्रप्रयाग**

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को श्रीकेदारनाथ धाम पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे के अंतिम दिन सीएम योगी ने सुबह ही श्रीकेदारनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा की। इस दौरान बाहर खड़े हजारों लोगों ने एक सुर में जय श्रीराम के जयघोष के साथ मुख्यमंत्री योगी का भव्य अभिनंदन किया। केदारनाथ हैली पैड पर उनका स्वागत बद्री केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय अजयेंद्र, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग अमरदेई शाह, भाजपा जिला अध्यक्ष महावीर पंवार, जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार, पुलिस अधीक्षक डॉ विशाखा समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। वहीं पुरोहित समाज ने परंपरागत मंत्रोच्चारण के साथ उनका स्वागत एवं



अभिनंदन किया। तीर्थ पुरोहितों से भेंट करने के बाद मुख्यमंत्री योगी जीएमवीएन अतिथि गृह में कुछ देर विश्राम किया। यहीं पर पार्टी कार्यकताओं एवं प्रशंसकों से भेंट करने के बाद मुख्यमंत्री योगी बाबा केदारनाथ के दर्शन कर देश और प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि एवं जन कल्याण की कामना की। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम भी मौजूद रहे।

## भूपेश राज में महिलाओं के साथ हुये अपराधों में 82 प्रतिशत अपराधी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**

कांग्रेस की सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ में महिलाओं के प्रति अपराधों में कमी आई है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता मणि वैष्णव ने कहा कि भूपेश राज में महिलाओं के लिये जीवन जीने के लिये ज्यादा सुरक्षित माहौल बना है। महिलाओं के साथ घटित अपराधों के मामले में भूपेश सरकार में तेजी से अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। महिलाओं के साथ हुये अपराधों में कांग्रेस राज में प्रकरण निराकरण और अपराधियों को पकड़ने की दर 82 प्रतिशत है जो यह बताता है कि छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं के साथ हुये अपराधों को रोकने में सख्त है। कांग्रेस सरकार बनने के बाद गुमशुदा महिलाओं और बच्चियों की बरामदगी में भी संवेदनशीलता बरती गयी है। 59 हजार 933 गायब महिलाओं में 55 हजार 713 बरामद की जा चुकी है। 2019 से 2021 तक कुल गुम 10 हजार 817 बालिकाओं में से 10 हजार 514 बालिकाओं बरामद किया गया जो 97 प्रतिशत है। 2019 से 2021 तक कुल गुम 49 हजार 116 महिलाओं में से 45 हजार 199 महिलाओं को बरामद किया गया जो 92 प्रतिशत है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं के साथ अपराधों में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद 68 प्रतिशत की कमी आई है। कांग्रेस सरकार बनने के तीन साल पहले



**उपलब्धि**

- छत्तीसगढ़ से गायब महिलाओं, बच्चियों में 97 प्रतिशत की हुई घर वापसी

और कांग्रेस की सरकार बनने के तीन साल बाद महिलाओं के साथ हुये अपराधों के आंकड़े इसकी गवाही देते हैं। बलात्कार के मामले 2016 में 1626 मामले, 2017 में 1908 मामले, 2018 में 2091 मामले, 2019 में 1036 मामले, 2020 में 1210 मामले, 2021में 1093 मामले दर्ज हुये। बलात्कार के प्रयास के मामले 2017 में 19, 2018-27, 2019-09, 2020-08, 2021-07 दर्ज हुये। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार 2018 में छत्तीसगढ़ बलात्कार के मामलों में पांचवें नंबर पर था, 2021 में भूपेश सरकार की महिला सुरक्षा नीतियों के कारण छत्तीसगढ़. 11वे स्थान पर आ चुका था।

## सीएस ने की बदरीनाथ में मास्टर प्लान के तहत संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/गोपेश्वर**

**मुख्य** सचिव डॉ. एसएस सन्धू रविवार को बदरीनाथ पहुंचे। उन्होंने बदरीनाथ धाम में चल रहे मास्टर प्लान के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने भगवान बद्री विशाल की पूजा अर्चना कर लोकमंगल की कामना की। मन्दिर समिति की ओर से मुख्य सचिव को अंगवस्त्र शॉल और तुलसी की माला भेंटकर उनका स्वागत किया। मुख्य सचिव ने बदरीनाथ मास्टर प्लान के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए तय समय में



सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बदरीनाथ में सभी बिल्डिंग एक ही डिजाइन से तैयार करने, बद्रीश झील एवं शेष नेत्र झील का काम अक्तूबर तक, अलकनंदा पर निर्मित तीनों पुलों को दिसम्बर तक तथा आईएसबीटी का काम 10 दिन में पूर्ण करने के निर्देश दिए। फुटपाथ और सड़कों में ड्रेन वॉटर की लेबलिंग को ठीक करने और जहां-जहां काम पूरा हो गया वहां की ड्रेसिंग करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ड्राइवरों के लिए 500 बेड की डोरमेटरी बनाने क भी निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य सचिव ने रिवर फ्रंट डेवलपमेंट कार्यो सहित अराइवल प्लाजा, आईएसबीटी, हॉस्पिटल, शेष नेत्र और बद्रीश झील सौन्दर्यीकरण निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मुख्य सचिव को मास्टर प्लान के तहत चल रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## गुजरात: रोड रिसर्फेसिंग कार्य के लिए कुल 100 करोड़ रुपये मंजूर

**टीम एक्शन इंडिया/गांधीनगर**

**मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल** ने सड़कों के सुधारीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री पटेल ने मानसून में बारिश के कारण नगरों के सड़क मार्गों तथा रास्तों को हुए नुकसान की मरम्मत के लिए स्वर्णिम जयंती मुख्यमंत्री शहरी विकास योजनांतर्गत मुख्यमंत्री शहरी सड़क योजना से 157 नगर पालिकाओं को कुल 100 करोड़ रुपये आवंटित करने को स्वीकृति दी है। आवंटित 100 करोड़ रुपये की इस राशि से अ श्रेणी की 22 नगर पालिकाओं को 1-1 करोड़ रुपये के अनुसार कुल 22 करोड़ रुपये, ब श्रेणी की 30 नगर पालिकाओं को 80-80 लाख रुपये के अनुसार कुल 24 करोड़ रुपये,

**विकास कार्य**

- मुख्यमंत्री शहरी सड़क योजना से 157 नगर पालिकाओं को कुल 100 करोड़ रुपये आवंटित करने को स्वीकृति दी

क श्रेणी की 60 नगर पालिकाओं को 60-60 लाख रुपये के अनुसार कुल 36 करोड़ रुपये और ड श्रेणी की 45 नगर पालिकाओं को 40-40 लाख रुपये के अनुसार कुल 18 करोड़ रुपये रोड रिसर्फेसिंग कार्यों के लिए आवंटित किए जाएंगे।

## प्रदेश में होगा राजस्थान टैलेंट सर्च एग्जाम

**जयपुर:** नेशनल टैलेंट सर्च एग्जाम की तर्ज पर प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों के लिए राजस्थान टैलेंट सर्च एग्जाम का आयोजन होगा। इसमें चयनित 10 हजार विद्यार्थियों को कक्षा 11 व 12 में प्रतिमाह 1250 और स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए प्रतिमाह 2000 रुपए की छात्रवृति मिलेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस परीक्षा के लिए कक्षा 10वीं में पहली बार प्रविष्ठ हो रहे विद्यार्थी पात्र होंगे। परीक्षा हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम में होगी। परीक्षा के लिए नोडल एजेंसी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

## 'यूपी में कुल उत्पादन का 17.72% खाद्यान्न'

**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर**

देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन वर्ष 2021-22 में 315.72 मिलियन टन है। प्रदेश में 56.11 मिलियन टन खाद्यान्न उत्पादन हुआ है जो कि देश के कुल उत्पादन का लगभग 17.72 प्रतिशत है। यह बात रविवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर में तीन दिवसीय अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी उद्घाटन कार्यक्रम में उप्र के कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कही। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इस समय



450 एफपीओ संचालित हैं। किसानों से अपील कि वे कृषि वैज्ञानिकों से नवीनतम कृषि तकनीकी से जुड़े रहे। वैज्ञानिक तकनीक एवं नवाचार से उत्पादन बढ़ने के साथ आय में भी वृद्धि होगी। इस अवसर पर रशियन कृषि काउंसलर डॉक्टर कांस्टेंटिन ने अपने संबोधन में सभी को धन्यवाद दिया।



MARUTi
nandan printers
8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE
Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

**निर्माण कार्य** एयरपोर्ट निर्माण का 85% से अधिक कार्य हुआ पूरा, एयरबस ए320 एयरक्रॉफ्ट के लैंडिंग की भी मिलेगी सुविधा

## अयोध्या: दिसंबर माह में प्रारंभ हो जाएंगी हवाई सेवाएं

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

भगवान श्रीराम की नगरी मोदी-योगी सरकार की प्राथमिकताओं के केंद्र में है। भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ-साथ अयोध्या में तमाम विकास कार्यों को तेज गति से पूरा किया जा रहा है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसे ध्यान में रखते हुए मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण का कार्य भी तेज गति से पूरा किया जा रहा है। जनवरी माह में भव्य श्रीराम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले दिसंबर माह तक अयोध्या में हवाई यातायात सेवाएं प्रारंभ हो जाएंगी।



मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का 85 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने श्रीराम अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या के विभिन्न कार्यों के प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि निमार्णाधीन अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर तीव्र गति से कार्य चल रहा है। फेज वन के सभी कार्यों को दिसंबर 2023 तक पूर्ण कर इसी कैलेंडर ईयर में एयरपोर्ट पर एयरक्रॉफ्ट का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट के समस्त कार्यों को तीन फेजों में किया जाना है। इसके लिए परियोजना में सम्मिलित कुल 821 एकड़ भूमि अर्जन का शतप्रतिशत कार्य पूर्ण कर एयरपोर्ट अथॉरिटी को सौंप दिया गया है। एयरपोर्ट के फेजझ्वन के 2200 मीटर लंबे व 45 मीटर चौड़े रनवे का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण है। भविष्य में रनवे को 3750 मी तक बढ़ाए जाने की योजना है। इसके लिए भी भूमि अर्जन का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि नाइट लैंडिंग तथा कोहरे एवं धुंध में लैंडिंग के लिए कैटझ्वन एवम् रेसा सुविधाओं का कार्य भी शतझ्प्रतिशत पूर्ण हो गया है। एयरक्रॉफ्टों के लैंडिंग के लिए लगाई गई लाइटिंग का कार्य पूर्ण है।

THE PRINTING HUB
COMPLETE
CTP UNIT
BASYS PRINT




Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546